● जयपुर, शुक्रवार, 21 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 293 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार
"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जयपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक अनिल टांक ने किया कोटपूतली दौरा...
पेज @5 राजस्थान यूनिवर्सिटी में अवैध वसूली / तानाशाही के खिलाफ...
पेज @8 » कांग्रेस की सरकार ने पेपर लीक कर प्रदेश के युवाओं का...

# जहरीली शराब पीने से 30 लोगों की मौत, 100 से ज्यादा हॉस्पिटल में भर्ती



चेन्नई/एजेंसी।

तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से 30 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कल्लाकुरिचि के जिला कलेक्टर एमएस प्रशांत ने इसकी पुष्टि की है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। कल्लाकुरिची के जिला कलेक्टर एमएस प्रशांत ने जिले के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज करा रहे लोगों से मुलाकात की। इस मामले में 49 वर्षीय (अवैध शराब विक्रेता) के. कन्नुकुट्टी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके पास से जब्त की गयी करीब 200 लीटर अवैध शराब की जांच में सामने आया कि उसमें घातक 'मेथनॉल' मौजूद था।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मौतों पर दुख जताया और कहा कि इसे रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। स्टालिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'कल्लाकुरिची में मिलावटी शराब पीने वाले लोगों की मौत की खबर सुनकर मैं स्तब्ध और दुखी हूं। इस मामले में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसे रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा, 'अगर जनता ऐसे अपराधों में शामिल लोगों के बारे में जानकारी देती है तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी। समाज को बर्बाद करने वाले ऐसे अपराधों को सख्ती से दबाया जाएगा।

राज्यपाल की ओर से तमिलनाडु राजभवन ने एक पोस्ट शेयर कर कहा, 'मुझे यह जानकर बहुत दुख हुआ कि जहरीली शराब पीने से कल्लाकुरिची में कई लोगों की जान चली गई। कई अन्य गंभीर हालत में हैं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना और अस्पतालों में भर्ती लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है।

## न्यूज़ अपडेट

### भारत के महान क्रिकेटर ने किया सुसाइड, चौथे फ्लोर से लगा दी छलांग



**नई दिल्ली/एजेंसी।** कर्नाटक के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन का गुरुवार सुबह 52 वर्ष की आयु में बेंगलुरु में निधन हो गया। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उन्होंने अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी थी। उनकी मौत की खबर से भारतीय क्रिकेटरों में शोक है। पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने हैरानी जताई है। पुलिस के अनुसार, पूर्व भारतीय क्रिकेटर डेविड जॉनसन गुरुवार को अपने अपार्टमेंट के बाहर मृत पाए गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा- ऐसा माना जा रहा है कि 52 वर्षीय डेविड जूड जॉनसन कोथनूर के कनक श्री लेआउट में अपने अपार्टमेंट से गिर गए, जिससे आत्महत्या का संदेह पैदा हो गया। उन्होंने आगे कहा कि आगे की जांच जारी है।

### 5 महीने में करीब तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने काशी विश्वनाथ धाम में किए दर्शन



**वाराणसी/एजेंसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर में साल दर साल श्रद्धालुओं की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि हो रही है। बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन करने की सुगमता और बढ़ी हुई सुविधाओं के चलते श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां आ रहे हैं। पिछले पांच महीने यानी जनवरी से मई तक शिव भक्तों की संख्या में 48.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मंदिर के दिव्य और भव्य निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि 1 जनवरी से लेकर 31 मई 2024 तक 2,86,57,473 श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए। साल 2023 में इस समय सीमा के दौरान 1,93,32,791 श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए थे। यानी पिछले साल के मुकाबले बाबा के दरबार में इस साल 93,24,682 श्रद्धालु अधिक पहुंचे।

## सुप्रीम कोर्ट ने नीट का प्रश्नपत्र

### उत्तर जारी करने संबंधी याचिका पर मांगा जवाब




नई दिल्ली/एजेंसी।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उस याचिका पर नोटिस जारी किया जिसमें राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) से नीट (पीजी) का प्रश्न पत्र और उत्तर (आंसर-की) सार्वजनिक करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत होते हुए न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने एनबीई, मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) और अन्य से जवाब मांगा है। पीठ में न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने कहा, 8 जुलाई तक जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी करें। इस बीच, प्रतिवादी जवाबी हलफनामा दाखिल कर सकते हैं। सुनवाई के दौरान नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने कहा कि वह इस मामले में अनिवार्य पक्ष नहीं है, और प्रतिवादियों की सूची से उसका नाम हटाया जा सकता है। एनटीए के वकील ने कहा, पीजी (प्रवेश परीक्षा) का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड करता है।

इस पर न्यायमूर्ति भट्टी ने कहा, जब हम आदेश पारित करेंगे तो सुप्रीम कोर्ट के नियमों के तहत अपने विवेक का इस्तेमाल करेंगे और प्रतिवादियों की सूची से आपका नाम हटा देंगे। सीधे सुप्रीम कोर्ट में दायर इस याचिका में, यह जानते हुए भी कि हाल की परीक्षाओं में गंभीर गड़बड़ियों के मामले सामने आये हैं, एनबीए के नीट पीजी 2022 के प्रश्न पत्र तथा उत्तर कुंजी जारी न करने, और पुनर्मूल्यांकन का कोई विकल्प न देने के मनमाने कृत्य और फैसले को चुनौती दी गई है। एडवोकेट चारु माथुर द्वारा दायर याचिका में कहा गया है, देश में नीट-पीजी जैसी कोई दूसरी परीक्षा नहीं है जहां पारदर्शिता की कमी इस स्तर की हो और सूचना का प्रवाह इस कदर एकतरफा हो।

### पेपर लीक एंटी नेशनल एक्टिविटी है, संसद में उठाएंगे मुद्दा : राहुल गांधी



**नई दिल्ली/एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि विपक्ष पेपर लीक के मुद्दे को संसद में उठाएगा। उन्होंने कहा, मणिपुर से महाराष्ट्र तक की उनकी न्याय यात्रा में सैकड़ों युवकों ने पेपर लीक का विषय रखा था। पेपर लीक के बाद कार्रवाई होनी चाहिए, सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पेपर लीक की घटनाओं को राहुल गांधी ने एंटी नेशनल एक्टिविटी कहा है। उन्होंने कहा कि दावा यहां तक किया गया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध को रोक दिया, लेकिन ऐसा कैसे है कि वह भारत में पेपर लीक को रोकने में सक्षम नहीं हैं। पेपर लीक के पीछे का कारण यह है कि शिक्षा प्रणाली पर भाजपा के मूल संगठन (आरएसएस) का कब्जा हो गया है। जब तक इसे वापस नहीं लिया जाएगा, पेपर लीक होते रहेंगे।

विभिन्न परीक्षाएं आयोजित करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पर राहुल गांधी ने कहा एनटीए की कोई विश्वसनीयता नहीं है। यदि इन मामलों में केंद्र सरकार एनटीए को क्लीन चिट देती है तो इसका कोई मतलब नहीं है। एनटीए की विश्वसनीयता शून्य है।

## श्रीनगर पहुंचे पीएम मोदी की बड़ी घोषणा, बोले

## जल्द जम्मू-कश्मीर बनेगा राज्य



जम्मू/एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जम्मू कश्मीर दौरे पर पहुंचे और उन्होंने श्रीनगर में 'युवाओं का सशक्तिकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव' कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने जम्मू कश्मीर को करीब 3300 करोड़ रुपये का तोहफा दिया। मोदी ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि वो दिन भी जल्द आएगा जम्मू कश्मीर राज्य के रूप में अपना भविष्य और उज्वल बनाएगा। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां हो रही हैं, जल्द यहां के लोग अपनी सरकार चुनेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार काम करती है और नतीजे दिखाती है। तीसरी बार सरकार बनाने से दुनिया को स्थिरता का संदेश मिला है। हमारी सरकार को लेट-लतीफी पसंद नहीं है। आज जो बदलाव जम्मू-कश्मीर में दिख रहे हैं, वह बीते 10 साल में हमारे काम का नतीजा है। पीएम मोदी 21 जून को योग दिवस पर सुबह 6.30 बजे से कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत स्के बैकयार्ड में डल झील के किनारे योग आसन करेंगे। इस दौरान करीब 7 हजार लोग उनके साथ योग करेंगे। कुछ लोगों को विभिन्न आसनों की ट्रेनिंग दी गई है। कश्मीर में पीएम मोदी के दौरे को देखते हुए प्रशासन ने आम जनता के लिए रास्ते से जुड़ी हुई एडवाइजरी जारी की है।

### 18 जून को आयोजित यूजीसी-नेट रद्द, सीबीआई जांच के आदेश

**नई दिल्ली/एजेंसी।** शिक्षा मंत्रालय ने देश के विभिन्न शहरों में आयोजित यूजीसी-नेट 2024 (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) को रद्द कर दिया है। मंत्रालय का कहना है कि धांधली की सूचना मिलने पर यह फैसला किया गया। मामले में सीबीआई जांच का आदेश दिया गया है।राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा 18 जून को दो पालियों में यूजीसी-नेट आयोजित किया गया था। एक बयान में, शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूजीसी को गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से परीक्षा में धांधली की सूचना मिली है।

बयान में कहा गया है, परीक्षा प्रक्रिया में उच्चतम स्तर की पारदर्शिता और पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि यूजीसी-नेट 2024 को रद्द कर दिया जाए। अब फिर से परीक्षा आयोजित की जाएगी, इसकी जानकारी बाद में दी जाएगी।

### नीतीश सरकार को बड़ा झटका, हाईकोर्ट ने आरक्षण बढ़ाने का फैसला किया रद

**पटना/एजेंसी।** पटना हाईकोर्ट ने गुरुवार को राज्य सरकार को बड़ा झटका देते हुए आरक्षण बढ़ाने का फैसला रद कर दिया है। दरअसल, राज्य में आरक्षण की सीमा 50 फीसदी होती है, लेकिन बिहार सरकार ने आरक्षण को 65 फीसदी तक बढ़ा दिया था, जिसे हाई कोर्ट ने अब रद कर दिया है। आरक्षण कानून में किए गए हालिया संशोधन की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं को स्वीकृति दे दी है। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन एवं न्यायाधीश हरीश कुमार की खंडपीठ ने विगत 11 मार्च को इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे गुरुवार को सुनाया गया।

## बरसेंगे राहत के बादल! आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

# अगले कुछ घंटों में दिल्ली-पंजाब समेत 20 राज्यों में बारिश के आसार



नई दिल्ली/एजेंसी

देशभर में मौसम अपने अलग-अलग रंग दिखा रहा है। कहीं भारी बारिश से लोग परेशान हैं तो कहीं बारिश की आस में लू का तांडव झेल रहे हैं। पूर्वोत्तर राज्य लगातार बारिश के चलते भूस्खलन से जूझ रहे हैं। वहीं उत्तर भारत में हीटवेव से राहत नहीं मिल रही है। हालांकि कल हल्की बारिश से पहाड़ों का मौसम कुछ बदला है। दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में कल तेज हवाएं चलीं हालांकि यहां गर्मी का सितम बरकरार है। मौसम विभाग ने 20 जून को लगभग 20 राज्यों में बारिश होने के आसार जताए हैं।

आईएमडी ने सैटेलाइट इमेज जारी करते हुए कहा कि पंजाब, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पूर्वी विदर्भ, पूर्वी तेलंगाना और आसपास के उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, लक्षद्वीप, दक्षिण गुजरात, उत्तरी कोंकण, गोवा और कर्नाटक, पश्चिम असम और मेघालय, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ-साथ छिटपुट गरज और बिजली या तेज हवाएं चलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में भी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि अगले दो घंटों में उत्तरी दिल्ली, उत्तर-पूर्वी दिल्ली, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, मध्य-दिल्ली, एनसीआर (लोनी देहात) के कुछ स्थानों और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश होगी और 30-50 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इसके अलावा नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिंडन एएफ स्टेशन, बहादुरगढ़, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, छपरौला, सोनीपत, रोहतक, खरखौदा, बागपत, खेकड़ा, मोदीनगर, पिलखुआ, मानेसर, बल्लभगढ़, सोनीपत, खरखौदा, मट्टनहेल, झज्जर, फरुखनगर, सोहना, पलवल, बड़ौत, बागपत, मेरठ, खेकड़ा, मोदीनगर, किठौर, पिलखुआ, हापुड, गुलावटी, सिकंदराबाद, बुलंदशहर में भी बारिश के आसार हैं।

इसके अलावा, मौसम का पूर्वानुमान लगाने वाली एजेंसी, स्काईमेट के मुताबिक, आज उत्तर प्रदेश में लू से लेकर भीषण लू की स्थिति संभव है और मध्य प्रदेश और उत्तरी राजस्थान के कुछ इलाकों में लू की स्थिति संभव है और उसके बाद यह कम हो सकती है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में रातें गर्म रहने की संभावना है।

# लापरवाही की पटरी पर दौड़ती भारतीय रेल?

रेल हादसों की कड़ी टूटने का नाम नहीं ले रही है पिछले एक साल में डेढ़ दर्जन से अधिक दुर्घटनाएं रेलवे संचालन में बरती जा रही हद दरजे की लापरवाही को रेखांकित कर रही है। सोमवार को दार्जलिंग के पास एक बड़ा हादसा हुआ है. एक मालगाड़ी की एक्सप्रेस ट्रेन से टक्कर हो गई है। हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। वहीं, घायल 32 लोगों के घायल होने की खबर आ रही है। 09 गंभीर रूप से घायल हैं। इस हादसे में मारे जाने वाले लोगों में 3 रेलवे कर्मचारी भी हैं। मौके पर बचाव दल पहुंच चुका है और राहत कार्य तेजी से किया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। बीते एक साल के भीतर 19 रेल हादसे हुए हैं जिनमें करीब साढ़े तीन सौ लोगों की अकाल मोत हुयी है। सवाल यह है कि आखिर कब तक भारतीय रेल हादसे दर हादसे का शिकार बनती रहेगी।

कंचनजंगा रेल हादसे ने पिछले साल की भीषण रेल दुर्घटना की याद ताजा करा दी है आप को याद है बीते साल 2023 में देश के भीषणतम ट्रेन हादसों में से एक बालासोर ट्रेन हादसा भी जून महीने में हुआ था। इस हादसे ने करीब 300 लोगों की जान ले ली थी, जबकि हजार के करीब लोग घायल हुए थे.आपको बता दें कि पिछले एक साल में देश ने दर्जनों रेल हादसे देखे हैं जिसमें कई लोगों को अपनी जान भी गंवानी पड़ गई। कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन हादसे ने ओडिशा के बालासोर में हुए उस वीभत्स ट्रेन हादसे की भी याद दिला दी, जो पिछले साल जून महीने में ही हुआ था। पिछले साल से लेकर अब तक करीब 19 रेल हादसे हुए हैं।

पिछले साल 2 जून की शाम ओडिशा के बालासोर में उस समय बड़ा ट्रेन हादसा हो गया, जब 3 ट्रेनें आपस में टकरा गईं। कोरोमंडल एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12841) फुल स्पीड से चल रही थी। इस बीच बहनागा बाजार स्टेशन के पास वह मुख्य लाइन की जगह पासिंग लूप में चली गई जिससे ट्रेन वहां पर खड़ी एक मालगाड़ी से टकरा गई थी। इस बीच कोरोमंडल एक्सप्रेस हावड़ा से होकर चेन्नई रेलवे स्टेशन तक जा रही थी। कोरोमंडल एक्सप्रेस की तेज गति के कारण ट्रेन के 21 डिब्बे पटरी से उतर गए। इनमें से 3 डिब्बे पास के ट्रैक पर आ रही एसएमवीटी बेंगलुरु–हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12864) से टकरा गए। इस हादसे में कुल 296 लोगों की मौत हो गई जबकि 1,200 से अधिक अन्य घायल हो गए थे।

23 अगस्त 2023 को पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में कम से कम 26 मजदूरों की मौत हो गई। राजधानी आइजोल से करीब 21 किलोमीटर दूर सैरांग के पास पहाड़ी इलाके में बैराबी–सैरांग लाइन पर कुरंग नदी पर निर्माणाधीन रेलवे पुल (ब्रिज संख्या 196) टूटकर नदी में गिर गया, जिससे 26 मजदूर की मौत हो गई। मारे गए सभी मजदूर पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से आए हुए थे। हादसे के बाद जांच के लिए समिति का गठन किया गया था। मिजोरम में हादसा होने के 3 दिन बाद ही एक और दुखद ट्रेन हादसा हो गया। 26 अगस्त 2023 की सुबह करीब 5 बजे मदुरै जंक्शन के पास खड़ी लखनऊ–रामेश्वरम भारत गौरव ट्रेन में अचानक से आग लग गई। हादसे में 10 लोगों की जान चली गई जबकि 20 लोग घायल हो गए। हादसे के बारे में पता चला कि श्रद्धालु ट्रेन में गैस सिलेंडर लेकर जा रहे थे और कोच में खाना बना रहे थे, तभी आग लग गई।

11 अक्टूबर 2023 की रात एक ट्रेन हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 70 से अधिक लोग घायल हो गए थे। रात 9.50 बजे बिहार के बक्सर में दिल्ली–कामाख्या नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन जब रघुनाथपुर स्टेशन के पास पहुंची तो उसके 6 डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे यह बड़ा हादसा हो गया। ट्रेन की पटरी से उतरने के कारण कम से कम 2 एसी थ्री टियर डिब्बे पलट गए, जबकि 4 अन्य डिब्बे पटरी से उतर गए। 29 अक्टूबर, 2023, रात के बज रहे थे। हावड़ा–चेन्नई लाइन पर आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में बड़ा ट्रेन हादसा हो गया, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग जख्मी हो गए। विजयनगरम जिले के कोट्टावलासा जंक्शन रेलवे स्टेशन के पास विशाखापत्तनम–रायगढ़ पैसेंजर ट्रेन, विशाखापत्तनम–पलासा पैसेंजर ट्रेन से टकराने के बाद पटरी से उतर गई। विशाखापत्तनम–पलासा पैसेंजर के लोकोपायलट ने सिग्नल को पार कर गया और एक ही ट्रैक पर आगे चल रही विशाखापत्तनम–रायगढ़ पैसेंजर ट्रेन को टक्कर मार दी। चालू साल 2024 में पहला बड़ा रेल हादसा फरवरी में हुआ। 28 फरवरी की शाम झारखंड के जामताड़ा जिले में बड़ा ट्रेन हादसा हो गया। रांची से 140 किलोमीटर दूर कालझरिया में यह हादसा हुआ। शाम 7 बजे के करीब अंगा एक्सप्रेस (12254) विद्यासागर और कासितार के बीच चेन पुलिंग की वजह से ट्रेन रूक गई। इस बीच 2 लोग ट्रैक को पार कर रहे थे, लेकिन अचानक से वे दोनों मेमू ट्रेन की चपेट में आ गए।

ताजा हादसे में कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन न्यू जलपाईगुड़ी और रंगापानी स्टेशनों के बीच अगरतला से सियालदाह जा रही थी। मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को मारी, जिससे उसके पिछले दो डिब्बे पटरी से उतर गये। हादसे वाली जगह पर वरिष्ठ अधिकारी भी पहुंच चुके हैं। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ राहत बचाव में जुटे हुए हैं। वार रूम से रेलमंत्री मामले पर नजर बनाए हुए हैं। सूत्रों के अनुसार रेल सुरक्षा और एक्सीडेंट पर जल्द ही उच्च स्तरीय बैठक हो सकती है और हादसे की जांच के लिए कमेटी की घोषणा की जा सकती है। पीएम मोदी ने ट्रेन एक्सीडेंट की घटना पर एक पोस्ट करते हुए दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस हादसे में घायल लोगों के लिए लिखा है– मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। मैंने अधिकारियों से बात की है और स्थिति की लगातार जानकारी ले रहा हूं। घटना से प्रभावित लोगों को मदद देने के लिए मौके पर बचाव कार्य जारी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी हादसे वाली जगह के लिए रवाना हो गए हैं। पीएम मोदी ने इस घटना में मारे गए लोगों के परिजन को 2 लाख रुपये प्रधानमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की है। साथ ही इस हादसे में घायल हुए लोगों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि भी देने की घोषणा की है। बोर्ड की चेयरमैन और सीईओ जया वर्मा ने इस मामले पर कहा है कि पायलट ने सिग्नल पर गाड़ी नहीं रोकी।

शुरुआती जांच से उन्हें पता चला है कि रुकने का सिग्नल था, लेकिन पायलट ने गाड़ी नहीं रोकी, जिसके चलते यह बड़ा हादसा हुआ है। इस हादसे में लोको पायलट की भी मौत हो गई है। उन्होंने बताया है कि अभी इस मामले की जांच चल रही है और सही कारण का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि कार्रवाही हर स्तर पर होती है। अभी फील्ड पर रेस्क्यू चल रहा है। उन्होंने कहा कि बोर्ड को जो भी इन्फॉर्मेशन मिलती है, हम कमांड सेंटर से जुड़ जाते है। सबसे पहले रेस्क्यू का काम किया जाता है। रेल हादसे पर विपक्ष जमकर बरस रहा है पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक पोस्ट करते हुए लिखा है– 'देश में लगातार हो रहे रेल हादसों का जिम्मेवार कौन है?' वहीं कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने रेलमंत्री के इस्तीफे की मांग की है। मामले पर गृह मंत्री अमित शाह ने भी दुख जताते हुए एक पोस्ट की है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा है– 'पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में हुआ रेल हादसा बहुत दु:खद है। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदनाएँ व्यक्त करता हूँ और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।' घटना की जानकारी पाते ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस पर अपडेट दिया है। अश्विनी वैष्णव ने एक पोस्ट करते हुए कहा– नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे यानी एनएफआर जोन में एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ है। बचाव कार्य तेजी से किया जा रहा है। रेलवे, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ साथ मिलकर बचाव कार्य में लगे हुए हैं। घायलों को अस्पताल शिफ्ट किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं।

सवाल है कि रेलवे हादसों की झड़ी क्यो लग रही है? एक साल के भीतर 19 हादसे और करीब साढ़े तीन सौ लोगों की मौत रेलवे के संचालन में बरती जा रही लापरवाही अनियमितता और कुप्रबंधन को चीख–चीख कर बयान कर रहे हैं सवाल उठता है कि क्या हम इसी निचले दर्जे के लापरवाही भरे कुप्रबंधन के बूते पर बुलेट ट्रेन जैसी महत्वाकांक्षी योजना को अंजाम देने का सपना देख रहे हैं यदि यह हादसे सुपरफास्ट या बुलेट ट्रेन के साथ होते तो मंजर कितना खतरनाक भयानक व कितना जिंदगियों के लिए आखिरी सफर बन सकता है। हमारे तमाम सुरक्षा इंतजाम जरा सा मानवीय चूक से धराशायी हो जाते है हम ऐसी सुरक्षा प्रणाली क्यो नहीं विकसित कर पा रहें हैं जिसमें सुरक्षा बंदोबस्त दो या तीन स्तरिय हो यानी किसी एक भूल के बाद भी दुर्घटना को टाला जा सके। रेलवे को और अधिक मजबूत सुरक्षा तंत्र की तकनीक से जोडने की जरूरत है तभी रेल प्रगति का नया अध्याय जोड़ सकती है।

# योग में है सर्वे भवन्तु सुखिन: का भाव



डॉ. वंदना सेन

विश्व को कल्याण का मार्ग दिखाने के लिए भारत का चिंतन पुरातन काल से रहा है। विश्व का कल्याण करने का भाव भारतीय चिंतन में हमेशा से रहा है। वर्तमान में विश्व में जितनी भी ज्ञान और विज्ञान की बातें की जाती हैं, वह भारत में युगों पूर्व की जा चुकी हैं। इससे कहा जा सकता है कि भारत में ज्ञान और विज्ञान की पराकाष्ठा थी, लेकिन यह हमारा दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि हम विदेशी चमक के मोहजाल में फंसकर अपने ज्ञान को संरक्षण प्रदान नहीं कर सके। जिसके कारण हम स्वयं ही यह भुला बैठे कि हम क्या थे। भारत की भूमि से विश्व को एक परिवार मानने का संदेश प्रवाहित होता रहा है, आज भी हो रहा है। यह अकाट्य सत्य है कि विश्व को शांति के मार्ग पर ले जाने का ज्ञान और दर्शन भारत के पास है। योग विधा एक ऐसी शक्ति है, जिसके माध्यम से दुनिया को स्वस्थ और मजबूती प्रदान की जा सकती है। 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से आज विश्व के कई भारत के साथ खड़े हुए हैं। यह विश्व को निरोग रखने की भारत की सकारात्मक पहल है।

देव भूमि भारत में वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को आत्मसात करने वाले मनीषियों ने बहुत पहले ही विश्व को स्वस्थ और मजबूत देने का संदेश दिया है। वास्तव में योग में राजनीति देखना संकुचित मानसिकता का परिचायक है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्व में योग का जो स्वरूप दिखाई दिया है, वह अपने आप में एक करिश्मा है। करिश्मा इसलिए क्योंकि ऐसा न तो पहले कभी हुआ है और न ही योग के अलावा दूसरा कार्यक्रम हो सकता है। इतनी बड़ी संख्या में भाग लेने वाले लोगों के मन में योग के बारे में अनुराग पैदा होना वास्तव में यह तो प्रमाणित करता ही है कि अब विश्व एक ऐसे मार्ग पर कदम बढ़ा चुका है, जिसका संबंध सीधे तौर पर व्यक्तिगत तथा सामूहिक उत्थान से है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाग लेने वालों ने एक कीर्तिमान बनाया है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के योग साधकों के साथ मिलकर योग विद्या को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की जो पहल की थी, आज उसके सार्थक परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं। अब विश्व के



कई देशों ने स्वस्थ और मजबूती की राह पर अपने कदम बढ़ा दिए हैं। अब विश्व को निरोग बनाने से कोई ताकत नहीं रोक सकती। वर्तमान में विश्व के अनेक देश इस सत्य से भली भांति परिचित हो चुके हैं कि योग जीवन संचालन की एक ऐसी शक्ति है, जिसके सहारे तनाव मुक्त जीवन की कल्पना की जा सकती है। हम जानते हैं कि विश्व के कई देशों में जिस प्रकार का विचार प्रवाह है, उससे जीवन की अशांति का वातावरण तैयार हो रहा था और अनेक लोग इसकी गिरफ्त में आते जा रहे हैं।

विश्व के कई देश इस बात को जान चुके हैं कि योग के सहारे ही मानसिक शांति को प्राप्त किया जा सकता है। योग दिवस को मिले भारी वैश्विक समर्थन के बाद यह तो तय हो गया है कि विश्व को सुख और समृद्धि के मार्ग पर ले जाने के लिए भारत के दर्शन को विश्व के कई देश खुले रूप में स्वीकार करने लगे हैं। इससे पहले जो भारत विश्व के सामने अपना मुंह खोलने से कतराता था, आज वही भारत एक नए स्वरूप में विश्व के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। विश्व को भारत की विराट शक्ति का अहसास हो चुका है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब से देश के प्रधानमंत्री बने हैं, तब से हमारे देश के बारे में वैश्विक दृष्टिकोण में गजब का बदलाव दिखाई दे रहा है।

सवाल यह है कि क्या यह बदलाव नरेन्द्र मोदी को देखकर आया है, नहीं। इसका जवाब यह है कि भारत के पास पूर्व से ही ऐसी विराट शक्ति थी, जिसका भारत की पूर्व सरकारों को भारतीय जनता को बोध नहीं था। हर भारतवासी के अंदर शक्ति का संचय है, हम शक्ति को प्रदर्शित नहीं कर पा रहे थे, इतना ही नहीं हम यह भूल भी गए थे कि हमारे अंदर भी शक्ति है। नरेन्द्र मोदी ने जामवंत की भूमिका अपनाकर देशवासियों एवं अप्रवासी भारतीयों के मन में इस भाव को जाग्रत किया कि आप महाशक्ति हैं। जैसे ही नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के मेडीसन एस्क्वायर में भारतीय शक्ति का प्रस्फुटन किया, वैसे ही भारत के नागरिकों के अंदर गौरव का अहसास तो हुआ ही साथ ही विश्व के विकसित देश भारत को अपना समकक्ष मानने लगे।

भारत के दर्शन में एक ठोस बात यह भी है कि भारत में हमेशा सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया वाला भाव ही रहा है। जो भी देश भारत के इस दर्शन से तालमेल रखता हुआ दिखाई देता है, वह कभी दूसरे का अहित सोच भी नहीं सकता। जबकि विश्व के अनेक देश केवल स्वयं का ही हित सबसे ऊपर रखकर दूसरों के हितों पर चोट करते हैं। आतंक फैलाकर अपना वर्चस्व स्थापित करने वाला समाज मारकाट करने की मानसिकता के साथ जी रहा है। ऐसे लोगों का न तो काई अपना है, और न ही कोई परिवार। कई मुस्लिम देशों के नागरिक आज मुसलमानों के ही दुश्मन बनकर मारकाट का खेल खेल रहे हैं। ऐसे लोगों से शांति का बातें करना भी बेमानी है। हमारी सलाह है कि ऐसे लोग भी योग की क्रियाएं अपनाकर शांति के मार्ग पर चल सकते हैं। योग जहां स्वस्थ मानाकिता का निर्माण करने में सहायक है वहीं शांति स्थापना का उचित मार्ग है। सवाल यह आता है कि वर्तमान के मोहजाल में फंसे विश्व के अनेक देश आज किसी भी चीज में राहत नहीं देख रहा है। पैसे के पीछे भाग रहा पूरा विश्व तनाव भरा जीवन जी रहा है। इस तनाव से मुक्ति पाने का एक ही मार्ग है योग को अपनाना। जिसने अपने जीवन में योग को महत्व दिया है, वह इस तनाव से छुटकारा पाने में सफल रहा है। आज सबसे ज्यादा तनाव का जीवन मुस्लिम देशों में दिखाई देता है। वहां केवल मारकाट की भाषा के अलावा कुछ भी नहीं है। इन देशों में हमेशा अशांति का वातावरण दिखाई देता है और सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। यह इस बात का ध्यान रखना होगा कि आध्यात्मिकता और ध्यान योग के मामले में हम विश्व के सभी देशों से बहुत आगे हैं। इस बारे में दुनिया का ज्ञान भारत के समक्ष अधूरा ही है। भारत को जब तक इस बात का बोध था, तब तक विश्व का कोई भी देश भारत का मुकाबला करने का सामर्थ्य नहीं रखता था। आज इस शक्ति के प्रदर्शन की शुरूआत हो चुकी है, जरूरत इस बात की है कि हम सभी सरकार के कदम के साथ सहयोग का भाव अपनाकर अपना कार्य संपादित करें। आने वाले समय में भारत का भविष्य उज्ज्वल है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# जानिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की कहानी



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 21 जून को दुनियाभर के 170 से भी ज्यादा देश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाते हैं और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रखे गए प्रस्ताव के जवाब में 11 दिसंबर 2014 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना की और वैश्विक स्तर पर पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया । इस वर्ष पूरी दुनिया 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम के साथ 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष यह दिवस मनाने का उद्देश्य योग को एक ऐसे आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना है।

वैसे तो योग को विश्वस्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सतत प्रयासों के चलते वर्ष 2015 में अपनाया गया, किंतु भारत में योग का इतिहास सदियों पुराना है। माना जाता रहा है कि पृथ्वी पर सभ्यता की शुरुआत से ही योग किया जा रहा है लेकिन साक्ष्यों की बात करें तो योग करीब पांच हजार वर्ष पुरानी भारतीय परंपरा है। करीब 2700 ईसा पूर्व वैदिक काल में और उसके बाद पतंजलि काल तक योग की मौजूदगी के ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं। महर्षि पतंजलि ने अभ्यास तथा वैराग्य द्वारा मन की वृत्तियों पर नियंत्रण करने को ही योग बताया था। हिंदू धर्म शास्त्रों में भी योग का व्यापक उल्लेख मिलता है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिलन ही अद्वेतानुभूति योग कहलाता है।

इसी प्रकार भगवद्गीता बोध में वर्णित है कि दुःख–सुख, पाप–पुण्य, शत्रु–मित्र, शीत–उष्ण आदि द्वंदों से अतीतय मुक्त होकर सर्वत्र समभाव से व्यवहार करना ही योग है। भारत में योग को निरोगी रहने की करीब पांच हजार वर्ष पुरानी मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक पद्धति के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो भारतीयों की जीवनचर्या का अहम हिस्सा है। सही मायनों में योग भारत के पास प्रकृति प्रदत्त ऐसी अमूल्य धरोहर है, जिसका भारत सदियों से शारीरिक और मानसिक लाभ उठाता रहा है, लेकिन कालांतर में इस दुर्लभ धरोहर की अनदेखी का ही नतीजा है कि लोग तरह–तरह की बीमारियों के मकड़जाल में जकड़ते गए। वैसे तो स्वामी विवेकानंद ने भी अपने शिकागो सम्मेलन के भाषण में सम्पूर्ण विश्व को योग का संदेश दिया था लेकिन कुछ वर्षों पूर्व योग गुरु स्वामी रामदेव द्वारा योग विद्या को घर–घर तक पहुंचाने के बाद ही इसका व्यापक प्रचार–प्रसार संभव हो सका और आमजन योग की ओर आकर्षित होते गए। देखते ही देखते कई देशों में लोगों ने इसे अपनाना शुरू किया। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग का महत्व कई गुना बढ़ गया है।

योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना, ऐसी दवा है, जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। यह मस्तिष्क की सक्रियता बढ़ाकर दिनभर शरीर को ऊर्जावान बनाए रखता है। यही कारण है कि अब युवा एरोबिक्स व जिम छोड़कर योग अपनाने लगे हैं। माना गया है कि योग तथा प्राणायाम से जीवनभर दवाओं से भी ठीक न होने मधुमेह रोग का भी इलाज संभव है। यह वजन घटाने में भी सहायक माना गया है।

योग की इन्हीं महत्ताओं को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा से आ''ान किया था कि दुनियाभर में प्रतिवर्ष योग दिवस मनाया जाए ताकि प्रकृति प्रदत्त भारत की इस अमूल्य पद्धति का लाभ पूरी दुनिया उठा सके। यह भारत के बेहद गर्व भरी उपलब्धि रही कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव के महज तीन माह के भीतर 177 देशों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति की मोहर लगा दी, जिसके उपरांत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 11 दिसम्बर 2014 को घोषणा कर दी गई कि प्रतिवर्ष 21 जून का दिन दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 21 जून का ही दिन निर्धारित किए जाने की भी खास वजह रही। दरअसल यह दिन उत्तरी गोलार्ध का पूरे कैलेंडर वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। इस दिन की तिथि को ग्रीष्म संक्रांति के साथ मेल खाने के लिए बनाया गया था, जो उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और प्रकाश और स्वास्थ्य का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति के नजरिये से देखें तो ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन हो जाता है तथा यह समय आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने में लाभकारी माना गया है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी योग के महत्व को स्वीकारने लगा है। इसलिए स्वस्थ जीवन जीने के लिए जरूरी है कि योग को अपनी दिनचर्या का अटूट हिस्सा बनाया जाए। बहरहाल, योग केवल एक व्यायाम नहीं है बल्कि यह शरीर और मन के साथ–साथ स्वयं को सशक्त बनाने का एक बेहतरीन तरीका है।

**(लेखक,स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# जीवन में योग का होना बहुत ही लाभकारी



डॉ. गौतम कुमार

योग की उत्पत्ति का मूल भगवान शिव को माना गया है, पर योग का उद्गम संस्कृत भाषा से है भारत के छः दर्शनों में एक है योग जिसे महर्षि पतंजलि ने रचा। 'योग' का शाब्दिक अर्थ है 'जोड़ना, एकत्र करना'। वैसे तो योग हमारे शरीर को नहीं बल्कि मस्तिष्क और आत्मा को भी शुद्ध करता है। योग कोई धर्म नहीं बल्कि जीने का एक तरीका है, भारत युवाओं का देश है और 65 प्रतिशत से अधिक युवा भारत में निवास करते हैं। युवा देश की सबसे बड़ी ताकत होती है और वे कार्य कुशल हो तो कहना ही क्या? आज योग को वैश्विक पहचान मिल रही है। 'योग' का अर्थ है जोड़ना और जुड़े रहने के लिए पूरे विश्व स्तर पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में योग पर्व मनाते हैं। आज के दौर में फिटनस के लिए योग को साधना के रूप में अपनाना बहुत ही जरुरी है। दैनिक जीवन में योग का मूल सिद्धांत स्वतंत्रता है योग किसी एक धर्म से नहीं बल्कि सभी धर्मो की जड़ है ये धार्मिक सीमाओं के बंधनों को दूर करता है और एकता का मार्ग दिखाता है। महर्षि पतंजलि की रचना में 195 सूत्र हैं जो की 04 अध्यायों में विभाजित है और हर सूत्र अपने आप में एक वृहद व्याख्या है। देश की सरकार योग पर बहुत कार्य कर रही है स्कूल और कॉलेजों के पाठयक्रम में इसको शामिल कर इसके लिए अलग से अध्यापकों की व्यवस्था की जा रही है, जों की देश की युवा पीढ़ी को फिटनेस के साथ जीवन को उपयोगी बनाने का मंत्र दे रही है।

कहा भी गया है कि– 'तपः स्वाध्यायेश्वप्रणिधानानि क्रियायोगः' तप, अध्यात्मशास्त्रों के पाठन–पाठन और ईश्वर शरणागति– ये तीनों क्रिया योग हैं। 'योग' एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है, जिसमें शरीर और आत्मा को एकरूप करना ही योग कहलाता है। मन को शब्दों से मुक्त करके अपने आप को शांति और रिक्तता से जोड़ने का एक तरीका है 'योग'। समझने से ज्यादा करने की विधि है 'योग'।

# योग के साथ रहें सुखी और स्वस्थ



गिरीश्वर मिश्र

कहते हैं योग को यदि पूरी तरह से और गंभीरता से अपना लिया जाए तो वह आदमी का सबसे अच्छा और भरोसेमंद मित्र साबित होता है। यह अपने साधकों को दुःखों और क्लेशों से मुक्त करता है और सुखपूर्वक समग्रता या पूर्णता में जीने का मार्ग प्रशस्त करता है। वेदों से निकला हुआ 'योग' शब्द शाब्दिक रूप से 'जुड़ने' के अर्थ को व्यक्त करता है। अनुमानतः लगभग 200 वर्ष ईसापूर्व महर्षि पतंजलि ने 'योग सूत्र' में प्राचीन ज्ञान को कुछ सूत्रों यानी थोड़े से शब्दों से बनी संक्षिप्त शब्द–शृंखला में ग्रथित कर योग–विज्ञान के सिद्धांत और प्रयोग के निष्कर्षों को बड़े वैज्ञानिक ढंग से व्यवस्थित कर लोक–कल्याण के लिए प्रस्तुत किया। इसका उद्देश्य था मन में उठने वाली उथल–पुथल को रोकने, दैनिक जीवन में शांति स्थापित करने, और अंततः आत्मा और ब्रह्म का संयोग कराने के लिए मार्ग दिखाना। ध्यान, आसन, प्राणायाम और आध्यात्मिक नियमों के उपयोग को स्पष्ट करते हुए यह लघु ग्रंथ सहस्रों वर्षों से सबका मार्गदर्शक बना हुआ है। योग–दर्शन के अनुसार स्वास्थ्य और खुशहाली एक ऐसी स्थिति है जो मनुष्य की मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक दशाओं के संतुलन और गुणवत्ता पर निर्भर करती है।

वस्तुतः योग एक यात्रापथ भी है और यात्रा का लक्ष्य भी है। दिव्यता का निर्देश गुरु के माध्यम से मिलता है। यहां पर यह बताना भी उचित होगा कि दुर्गम जटिल संसार में दिव्य तत्व के प्रति समर्पण शांति पाने में लाभकर होता है। प्रभु–अनुग्रह के लिए समर्पण भी एक सक्रिय स्थिति या जीवन–प्रक्रिया है। परंतु योग के लिए यह समर्पण जरूरी नहीं है। निरीश्वरवादी भी योग में प्रवृत्त हो सकता है। स्मरण रहे कि शरीर–मन–संकुल में आने वाला सुधार केवल सतही उपकरण होता है। योग एक आध्यात्मिक अनुशासन है क्योंकि यह न केवल शरीर–मन–संकुल का सुधार करता है बल्कि इसके समुचित उपयोग की विधि भी बतलाता है। योग का उपयोग हमें योग के अभ्यास का अवसर देता है। योग हममें से जो श्रेष्ठ है उसे उपलब्ध कराता है। चेतन रूप से योग का उपयोग जीवन को समृद्ध करता चलता है। स्मरणीय है कि एक अध्ययन–विषय के रूप में योग भारतीय दर्शनों में से एक है। प्रायः सभी भारतीय दर्शन उस सर्वव्यापी परमात्म तत्व को स्वीकार करते हैं जो सभी विद्यमान वस्तुओं में उपस्थित है। व्यक्ति और उस परम सत्ता में एकात्मता होती है। योग मार्ग वह पाठ है जो व्यक्ति–चैतन्य को विकसित और समृद्ध करता है ताकि जीवन में अधिक सामंजस्य (हार्मनी) का अनुभव शामिल हो सके और अंततः परमात्म तत्व के साथ एकता का अनुभव हो सके। जैसा कि उपनिषदों में वर्णित है हमारा अस्तित्व पांच कोशों से बनी रचना है। इस रचना में शरीर, प्राण, मन, बुद्धि और आनंद के पांच क्रमिक स्तर पहचाने गए हैं। योग का अभ्यास इन कोशों के बीच पारस्परिक संतुलन और चैतन्य लाता है और अस्तित्व के केंद्र परमात्म तत्व की ओर अग्रसर करता है। कह सकते हैं कि योग बा' से आंतरिक बुद्धि और आंतरिक से बा' बुद्धि की यात्रा है।

पातंजल योग–सूत्र बड़े ही सूक्ष्म ढंग से गूढ़ बातों को सामने रखते हैं। उन संक्षिप्त सूत्रों की विशद व्याख्या मनीषियों द्वारा कई तरह की जाती रही है। यह अष्टांग योग के नाम से प्रसिद्ध है। इसके आठ अंग हैं : यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। सारे सूत्रों को चार अध्यायों या पादों : समाधि, साधना, विभूति और कैवल्य, के अंतर्गत व्यवस्थित किया गया है। इसी में पूरे योग–शास्त्र का विवेचन निबद्ध है। समाधि पाद में बताया गया है कि अहं के विचार के साथ अपना तादात्मीकरण और परमात्मा के साथ या उनके अंश के रूप में अपनी पहचान बनाना ही योग का मुख्य प्रतिपाद्य है। योगाभ्यास से चेतना का परिष्कार होता है ताकि मन परमात्मा की दिशा में अग्रसर हो। दुःख और पीड़ा का अनुभव जो जो अहं के जुड़ने के फलस्वरूप होता है दूर हो और साधक प्रसन्नतापूर्वक जीवनयापन कर सके। एकाग्रता मुख्य प्रतिपाद्य है। साधन पाद का विषय क्रिया–योग है । मन में उठने वाले विघ्न को नियंत्रित करने की विधि बताई गई है। विभूति पाद में विभिन्न सिद्धियों या असाधारण शक्तियों का वर्णन किया गया है। चौथे, कैवल्य पाद में उस वास्तविक स्वतंत्रता की बात की गई है जो योग से मिलती है।

आत्म–ज्ञान के लिए अष्टांग योग के अभ्यास के अनुगमन, जिसे राज–योग भी कहते हैं, की संस्तुति की जाती है। योग के आठ अंग हैं न कि एक के बाद एक आने वाले चरण या सोपान। साधक को इन पर साथ–साथ समानांतर रूप से चलना चाहिए। योगाभ्यास का उद्देश्य साधक को आत्मावलोकन झ अपने विचारों और व्यवहारों और उनके परिणामों को देखना–समझना भी होता है। यम और नियम नामक पहले दो चरण नैतिकता और सदाचारपूर्वक जीवन जीने के लिए निर्देश देते हैं। जहां यम बाहरी दुनिया के साथ सम्बन्ध पर केंद्रित हैं वहीं नियम निजी आध्यात्मिक विकास और आत्मानुशासन की आदतों को बताते हैं। यम पांच हैं : अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य (इंद्रियसुख का नियंत्रण) और अपरिग्रह (अनावश्यक वस्तुओं संचय/संग्रह) । बा' और आभ्यंतर इंद्रियों के संयम को यम कहते हैं। पतंजलि ने इनको 'महाव्रत' कहा है जो जाति, देश और काल की सीमा से रहित सार्वभौम स्वरूप वाले हैं। यम वस्तुतः प्रतिबंध हैं जो सिर्फ कर्म के स्तर पर ही नहीं बल्कि विचार और शब्द के स्तर पर भी लागू होते हैं। इन यमों को अपनाने पर योगाभ्यासी व्यक्ति को स्वतंत्रता मिलती है और खुली सांस लेने का अवसर मिलता है। इनके अतिरिक्त पांच नियम हैं जो वस्तुतः सदाचार के पालन पर बल देते हैं। ये हैं : शौच (पवित्रता), संतोष, तप (इच्छाओं का शमन), स्वाध्याय (आध्यात्मिक ग्रंथों तथा स्वयं का अध्ययन) और ईश्वर–प्रणिधान (परमेश्वर को आत्मार्पण। इस तरह यम और नियम योग पथ के राही के लिए कर्तव्य और अकर्तव्य की व्याख्या करते हैं। ये आत्म शोधन का भी काम करते हैं और अच्छे तथा सुखी जीवन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। ये नींव रखने का काम करते हैं।

आसन और प्राणायाम शारीरिक अभ्यास हैं पर इनका आध्यात्मिक महत्व भी है। आध्यात्मिक विकास की ओर उन्मुख जीवन के लिए औजार भी ठीक होना चाहिए। राह मालूम हो लक्ष्य भी ज्ञात हो पर चालक ठीक है या नहीं यह भी देखना होता है । सोद्देश्य जीवन के लिए शरीर ठीक रखना जरूरी है। यह पवित्र कर्तव्य बनता है कि शरीर को स्वस्थ रखा जाए। प्राणायाम से प्राण ऊर्जा का संचरण शरीर में स्वेच्छा से होता है, सिद्धियाँ भी आती हैं और मन की स्थिरता भी। वस्तुतः प्राणायाम और प्रत्याहार दोनों ही आंतरिक दुनिया की ओर उन्मुख होते है और इस अर्थ में पहले के तीन चरणों– यम, नियम और आसान– से भिन्न होते हैं है। प्राणायाम का अभ्यास लयात्मक स्वांस द्वारा इंद्रियों के अंदर की ओर खोजने की दिशा में चेतना को ले चलना, अंदर के अध्यात्म के गहन अनुभव की ओर अग्रसर करना संभव हो पाता है। पहले के पाँच चरणों द्वारा बाद के तीन चरणों के लिए उर्वर आधार भूमि का निर्माण करते हैं। धारणा योग का छठां चरण है। इसके अंतर्गत साधक अपने अवधान की एकाग्रता एक दिशा में और लम्बे समय तक बनाए रखता है। यह परमात्म तत्व पर ध्यान केंद्रित करने की तैयारी है। बिना किसी व्यवधान के निर्बाध ध्यान करना साधक को सहकार का अवसर देता है। साधक का समग्र अस्तित्व – शरीर, श्वांस, इंद्रियां, मन, बुद्धि और अहंकार, ध्यान की वस्तुझसभी परमात्म तत्व के साथ एकीकृत हो जाते हैं। इस यात्रा का अंतिम पड़ाव समाधि है जिसमें परमात्म तत्व के साथ एकाकार होना होता है। तब अलगाव का भ्रम दूर हो जाता है और आनंद के साथ परम चेतना के साथ एकत्व का अनुभव होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस में आयोजित हो रहे सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** रूस के कजान शहर में आयोजित होने जा रहे ब्रिक्स प्लस एसोसिएशन सिटीज एंड म्युनिसपिलिटीज में महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही हैं। 20 जून से 24 जून तक आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय सम्मेलन में दुनिया भर से अलग-अलग देशों के मेयर वक्ता शामिल होंगे। भारत की ओर से जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर को ये मौका दिया गया है, जहां महापौर इस सम्मेलन में भाग लेने जा रही हैं। रूस के कजान में होने जा रहे इस सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. सौम्या कई मुद्दों पर चर्चा करेंगी और कई देशों के जन प्रतिनिधियों से मुलाकात भी करेंगी। यह सम्मेलन पहली बार आयोजित हो रहा है। इसमें शामिल जन प्रतिनिधि नागरिकों के बेहतर जीवन के लिए विचार विमर्श करेंगे।



वर्ल्ड सिटीज समिट में भी किया था प्रतिनिधित्व

इससे पहले डॉ. सौम्या गुर्जर सिंगापुर में आयोजित हुई वर्ल्ड सिटीज समिट- 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। है। इस दौरान डॉ सौम्या गुर्जर ने शहरी विकास, स्मार्ट सिटी मिशन, नवाचारों, विरासत, संस्कृति पर विभिन्न कार्यशालाओं पर प्रजेंटेशन दिया था। इस समिट में विश्व के 250 से भी अधिक शहरों के महापौर, उद्योगपति, अन्तरराष्ट्रीय संस्थाएं भाग लेने पहुंची थी। समिट में कतर, मस्कट, मलेशिया, केन्या, सिंगापुर, जर्काता, कैनबरा, फिलिपिन्स, बैकॉक, संघाई, साउथ अफ्रीका, भूटान सहित विभिन्न देशों के महापौर, सीईओ प्रतिनिधि मौजूद थे।

### कर्नल राज्यवर्धन के विकास कार्यों की झोटवाड़ा क्षेत्र की जनता ने की प्रशंसा, जताया आभार

- कैबिनेट मंत्री ने दी झोटवाड़ा को एक ओर विकास की नई सौगात.
- 50 लाख रुपए के सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**चमकता राजस्थान। जयपुर।( खलील कुरैशी)** राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बुधवार को झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नं 53 में 50 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि झोटवाड़ा की जन आकांक्षाओं को पूरा करने एवं क्षेत्र का समग्र विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर झोटवाड़ा की जनता ने कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का आभार जताया और उनके विकास कार्यों की सराहना की ।राठौड़ ने कहा-झोटवाड़ा की जन आकांक्षाओं को पूरा करने एवं क्षेत्र का समग्र विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

## कानून व्यवस्था के सुचारू प्रबंधन को लेकर दिये दिशा-निर्देश दिशा-निर्देश

# जयपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक अनिल टांक ने किया कोटपूतली दौरा

## एसपी वंदिता राणा सहित जिले के आला पुलिस अधिकारियों के साथ की अपराध नियंत्रण मीटिंग

**चमकता राजस्थान**

जयपुर/ कोटपूतली (खलील कुरैशी)। जयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अनिल टांक कोटपूतली के पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उनके आगमन पर पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। आईजी अनिल टांक ने अपराध नियंत्रण गोष्ठी में भाग लिया, जिसमें साइबर क्राइम और हरियाणा बॉर्डर सुरक्षा समेत अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। आईजी अनिल टांक ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 1 जुलाई से लागू हो रहे नए कानूनों के आपरेशनल पहलुओं पर चर्चा करना था। उन्होंने कहा कि अनुसंधान अधिकारियों को ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जा सके। नए कानून के तहत



पीड़ितों को भी उनके अधिकारों की जानकारी देने के लिए सरकार ने कई ऐप बनाए हैं, जो पुलिस अधिकारियों के पास उपलब्ध होंगे।साइबर अपराधों के मुद्दे पर बात करते हुए आईजी ने बताया कि साइबर थाने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है और साइबर अपराधियों की संपत्तियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि समय के साथ संसाधन और तकनीक आवश्यक हो गए हैं, और सरकार समय-समय पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराती है। अपराध नियंत्रण के महत्वपूर्ण मीटिंग में एसपी वंदिता राणा सहित कोटपूतली बहरोड जिले के आला पुलिस अधिकारी सहित जिले के सभी थानों के थानाधिकारी मौजूद रहे।

# अति. पुलिस अधीक्षक कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टोंक में आयोजित हुआ आमजन जागरुकता संवाद कार्यक्रम




**चमकता राजस्थान**

जयपुर (खलील कुरैशी) 20/06/2024 को मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार एसीबी टोंक ईकाई द्वारा जिला टोंक के ग्राम पंचायत मंडावर तहसील टोंक में आमजन जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पचायत भवन मंडावर पर एसीबी इकाई टोंक के एएसपी झाबर मल ने कार्यक्रम में मंडावर सहित आसपास के क्षेत्र गांव देवली, भांची, सीतारामपुरा, मुख्तार नगर के ग्रामीणों को भ्रष्टाचार रोकथाम से संबंधित जानकारी दी गई । किसी भी लोक सेवक द्वारा रिश्वत मांगकर नाजायज परेशान करने,पद का दुरुपयोग व आय से अधिक संपति अर्जन की सूचना एसीबी के टोल फ्री नम्बर 1064 व मोबाईल नम्बर 9413502834 पर सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया । एसीबी द्वारा भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान बनाने की आमजन को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस मौके पर कार्यक्रम में एसीबी टोंक के अति. पुलिस अधीक्षक झाबर मल, कांस्टेबल ईश्वर प्रकाश, कॉन्सेबल जलसिंह कांस्टेबल गणेश सिंह, एवं सरपंच प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### शाहपुरा का जिला दर्जा किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होने देंगे : धीरज गुर्जर

- कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ने कहा-बड़े आंदोलन या उग्र प्रदर्शन से पीछे नहीं हटेंगे



**चमकता राजस्थान। जयपुर/भीलवाड़ा (खलील कुरैशी)।** शाहपुरा का जिले का दर्जा समाप्त किए जाने की खबरों के साथ ही राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। इस मामले पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने कहा कि शाहपुरा जिले के साथ सरकार ने छेड़छाड़ की तो बड़ा जन आंदोलन होगा। गुर्जर ने गुरुवार को कहा कि अगर सरकार ने शाहपुरा से जिले का दर्जा छीना तो कांग्रेस पार्टी और जनता पुरजोर करेगी। शाहपुरा की जनता उग्र प्रदर्शन, आन्दोलन, बहिष्कार, बाजार बन्द, चक्का जाम अनिश्चितकाल तक करेगी। इसके बाद भी अगर दर्जा छीना गया तो इसका परिणाम भाजपा सरकार को वर्षों तक झेलना होगा।उन्होंने कहा कि 17 जून को नए बने जिलों की संख्या में कमी की जाने वाली खबर पढ़कर भाजपा की भजनलाल सरकार के प्रति

शाहपुरा जिले वालों के मन में भारी आक्रोश उत्पन्न हुआ है। देश आजाद होने के समय से ही शाहपुरा (भीलवाड़ा) को जिला बनाने की मांग उत्पन्न होती रही थी। राजस्थान की एक रियासत होने के कारण शाहपुरा को कुछ समय के लिए जिला बनाया भी गया था, परन्तु किन्हीं कारणवश शाहपुरा जिला नहीं बन सका। वर्षों बाद कांग्रेस की गहलोत सरकार ने शाहपुरा को जिले की सौगात दी थी लेकिन अब राज्य में भाजपा की भजनलाल सरकार सरकार शाहपुरा से जिला होने का अधिकार वापस छीनना चाहती है तो यह शाहपुरा की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा होगा, कुठाराघात होगा। यदि इस प्रकार की प्रतिक्रिया भजनलाल सरकार ने लोकसभा चुनावों से पूर्व में दी होती तो इसका परिणाम चुनाव में ही भजनलाल सरकार को मिल जाता।

# व्रज आयरन एंड स्टील लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 26 जून, 2024 को खुलेगा

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। राष्ट्रीय, 20 जून, 2024: व्रज आयरन एंड स्टील लिमिटेड (₹वीआईएसएल₹ या ₹कंपनी₹), बुधवार, 26 जून, 2024 को इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के संबंध में अपनी बोली/निर्गम खोलेगी।

प्रत्येक 10 अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों का कुल निर्गम साइज़ 1,710 मिलियन [ 171 करोड़] है, जिसमें नया निर्गम (₹फ्रेश इश्यू₹) शामिल है।

एंकर निवेशक बोली की तिथि मंगलवार, 25 जून, 2024 होगी। बोली/निर्गम शुक्रवार, 28 जून, 2024 को सदस्यता के लिए बंद हो जाएगा।

निर्गम का प्राइस बैंड 195 से 207 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 72 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 72 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं। (₹प्राइस बैंडर₹)।

कंपनी (i) बिलासपुर प्लांट में 'विस्तार परियोजना' के तहत पूंजीगत व्यय के लिए शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है, जिसका अनुमान 1,645 मिलियन [ 164.50 करोड़] है और साथ ही (ii) सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए शेष राशि का उपयोग किया जाएगा। (''इश्यू का उद्देश्य'')

बिलासपुर प्लांट में ''विस्तार परियोजना'' के लिए पूंजीगत व्यय के रूप में 1,645 मिलियन [ 164.50 करोड़] खर्च होने का अनुमान है। कंपनी ने पहले ही एचडीएफसी बैंक से ऋण लेकर 700 मिलियन [ 70 करोड़] लगा दिए हैं, जिसे आईपीओ की शुद्ध आय से चुकाने का प्रस्ताव है। 945 मिलियन [ 94.5 करोड़] की शेष राशि के लिए कंपनी ने पहले ही आंतरिक स्रोतों से 320 मिलियन [ 32.00 करोड़] लगा दिए हैं और आगे आंतरिक स्रोतों से 30 मिलियन [ 3.00 करोड़] लगाना चाहती है। शेष 595 मिलियन [ 59.5 करोड़] को वित्त वर्ष 2024-25 में आईपीओ की शुद्ध आय से वित्त पोषित किया जाना है।

इक्विटी शेयरों की पेशकश छत्तीसगढ़ के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पास दाखिल कंपनी के 18 जून, 2024 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) के माध्यम से की जा रही है।

रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को स्टॉक एक्सचेंजों बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) (''एनएसई'' बीएसई के साथ मिलकर, ''स्टॉक एक्सचेंज'') में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। इश्यू के प्रयोजनों के लिए, बीएसई नामित स्टॉक एक्सचेंज है। (''लिस्टिंग विवरण'')

- **10 अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए प्राइस बैंड 195 से 207 तय किया गया है (''इक्विटी शेयर'')।**
- **बोली/निर्गम बुधवार, 26 जून, 2024 को खुलेगा और शुक्रवार, 28 जून, 2024 को बंद होगा। एंकर निवेशक बोली की तिथि मंगलवार, 25 जून, 2024 होगी।**
- **न्यूनतम 72 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 72 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं।**
- **आरएचपी लिंक:** https://www.afsl.co.in/pdfnew/Vraj%20Iron%20and%20Steel%20Limited%20-%20RHP.pdf

आर्यमन फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

यह इश्यू एससीआरआर के नियम 19(2)(बी) के अनुसार भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गम और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2018 के विनियमन 31 के साथ पढ़ा जा रहा है, जैसा कि संशोधित किया गया है (सेबी आईसीडीआर विनियम)।

यह इश्यू हमारी कंपनी की पोस्ट-इश्यू पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी के कम से कम 25% के लिए तैयार किया जा रहा है। यह इश्यू सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 6(1) के अनुसार बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से बनाया जा रहा है, जिसमें इश्यू का 50% से अधिक हिस्सा आनुपातिक आधार पर योग्य संस्थागत खरीदारों (₹क्यूआईबीर₹ और ऐसा हिस्सा ₹क्यूआईबी हिस्सार₹) को आवंटित करने के लिए उपलब्ध नहीं होगा, बशर्ते कि हमारी कंपनी बीआरएलएम के परामर्श से सेबी आईसीडीआर विनियमनों के अनुसार विवेकाधीन आधार पर क्यूआईबी हिस्से का 60% तक एंकर निवेशकों को आवंटित कर सकती है (₹एंकर निवेशक हिस्सार₹)। एंकर निवेशक हिस्से का एक तिहाई हिस्सा घरेलू म्यूचुअल फंड के लिए आरक्षित रहेगा, बशर्ते कि घरेलू म्यूचुअल फंड से एंकर निवेशक आवंटन मूल्य पर या उससे ऊपर वैध बोलियाँ प्राप्त हों। इसके अलावा, क्यूआईबी हिस्से का 5% (एंकर निवेशक हिस्से को छोड़कर) केवल म्यूचुअल फंड को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, और क्यूआईबी हिस्से का शेष हिस्सा म्यूचुअल फंड सहित सभी क्यूआईबी बोलीदाताओं (एंकर निवेशकों के अलावा) को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि वैध बोलियां निर्गम मूल्य पर या उससे ऊपर प्राप्त हों।

इसके अलावा, निर्गम का कम से कम 15% हिस्सा गैर-संस्थागत बोलीदाताओं को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, जिसमें से (ए) ऐसे हिस्से का एक तिहाई हिस्सा 200,000 से अधिक और 1,000,000 तक के आवेदन आकार वाले आवेदकों के लिए आरक्षित होगा और (बी) ऐसे हिस्से का दो-तिहाई हिस्सा 1,000,000 से अधिक के आवेदन आकार वाले आवेदकों के लिए आरक्षित होगा, बशर्ते कि ऐसी कि-सी भी उप-श्रेणी में सदस्यता समाप्त हिस्सा गैर-संस्थागत बोलीदाताओं की अन्य उप-श्रेणी में आवेदकों को आवंटित किया जा सके और निर्गम का कम से कम 35% हिस्सा सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार खुदरा व्यक्तिगत बोलीदाताओं को आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि निर्गम मूल्य पर या उससे अधिक पर वैध बोलियां प्राप्त हों।

एंकर निवेशकों के अलावा सभी संभावित बोलीदाताओं को अनिवार्य रूप से एप्लीकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट (''अरइअ'') प्रक्रिया का उपयोग करके इश्यू में भाग लेना आवश्यक है, इसके लिए उन्हें अपने संबंधित अरइअ खाते और वढक क्क्र का विवरण प्रदान करना होगा, यदि वढकबोलीदाता वढक मैकेनिज्म का उपयोग करते हैं, तो लागू होने पर, जिसके अनुसार उनकी संबंधित बोली राशियों को स्व-प्रमाणित सिंडिकेट बैंकों (''रउरइर'') या प्रायोजक बैंकों द्वारा वढक मैकेनिज्म के तहत, जैसा भी मामला हो, संबंधित बोली राशियों की सीमा तक ब्लॉक कर दिया जाएगा। एंकर निवेशकों को अरइअ प्रक्रिया के माध्यम से इश्यू में भाग लेने की अनुमति नहीं है। विवरण के लिए, रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के पेज 391 पर ''इश्यू प्रक्रिया'' देखें।

यहां उपयोग किए गए सभी बड़े अक्षरों वाले शब्द, जिन्हें विशेष रूप से परिभाषित नहीं किया गया है, उनका वही अर्थ है जो फ्ळढ में ऐसे शब्दों के लिए दिया गया है।

## संक्षिप्त खबर

### सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण




**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार आज दिनांक 20 मई 24 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर की सचिव ए.डी.जे. रेखा यादव द्वारा हाऊसिंग बोर्ड धौलपुर में स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, भोजन, चिकित्सीय सुविधाओं इत्यादि का जायजा लिया तथा उपस्थित स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सचिव रेखा यादव ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण आज दिनांकः- 20.06.2024 को ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर की सचिव एडीजे रेखा यादव द्वारा जिले में पीडित महिलाओं की सहायता हेतु संचालित सखी वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव यादव द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा संधारित रजिस्टरों का अवलोकन किया एवं सेन्टर द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया तथा मौजूद स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिये सचिव, डीएलएसए रेखा यादव ने किया राजकीय बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह धौलपुर का निरीक्षण आज दिनांकः- 20.मई 24 को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर रेखा यादव द्वारा राजकीय बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह धौलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाल गृह के उपेक्षित बालक एवं संप्रेषण गृह के अपचारी बालकों से रूबरू होकर गृह में बालकों को मिल रही मूलभूत सुविधाओं, भोजन, स्वच्छ पेयजल व अन्य आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर संप्रेषण गृह कनिष्ठ सहायक संजय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर के सुरेन्द्र सिंह सहित गृह के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### धौलपुर स्टेशन पर आईजीओटी कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रयागराज के दिशा-निर्देश के अनुपालन में आगरा मण्डल में सेवारत कर्मचारियों को कौशल विकास के लिये कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंडल रेल प्रबन्धक तेज प्रकाश अग्रवाल, अपर मंडल रेल प्रबन्धक (इन्फ्रा) प्रनव कुमार एव वरि० मण्डल कार्मिक अधिकारी सनत जैन के मार्ग-निर्देशन में आगरामण्डलकेआगरा, मथुरा, कोसीकलां, ईदगाह ,धौलपुर ,अछनेरा ड्राइवर एव गार्ड लोको लॉबी मथुरा तथा ड्राइवर एव गार्ड लोको लॉबी आगरा आदि प्रमुख स्टेशन पर किया जा रहा हैं आज दिनांक- 20.06.2024 को धौलपुर स्टेशन पर आईजीओटी कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया , जिसमे कर्मचरियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर प्रशिक्षण दिया गया साथ ही अन्य विभाग के एक- दो कर्मचरियों को मास्टरप्रशिक्षक के रूप में आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर अपने विभाग के प्रशिक्षण देने हेतु भी प्रशिक्षण दिया गया ' आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म-मिशन कर्मयोगी के मूल में आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म है - यह एक व्यापक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो व्यक्तिगत कर्मचारियों को उनकी क्षमता निर्माण में मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह कर्मचारियों को अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम बनाएगा, जिससे अंततः सरकारी निष्पादन क्षमताओं में वृद्धि होगी। आज के आईजीओटी कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम में, दिनेश मीना ,मुख्य कर्मचारी एव हित निरीक्षक, संजय केसरी तथा आईटी सेल आगरा के कन्हैया झा एव अन्य शाखा कर्मचारियो द्वारा सहयोग किया गया हैं '

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस : उप मुख्यमंत्री ने लिया राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों का जायजा

**सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होगा राज्य स्तरीय समारोह**



**चमकता राजस्थान, जयपुर! (खलील कुरैशी)।** स्वयं एवं समाज के लिए योग'' थीम पर प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10वीं बार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगाराजस्थान में आयुर्वेद विभाग के तत्वावधान में राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा की उपस्थिति में सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में योगाभ्यास का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगाकार्यक्रम की तैयारियों को आयुर्वेद विभाग की विभिन्न टीमों द्वारा अंतिम रूप दिया गया। उप मुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा द्वारा तैयारियों का अवलोकन किया गया। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित, अतिरिक्त जिला कलक्टर सुमन पंवार, आयुर्वेद विभाग की शासन सचिव पूनम, संयुक्त शासन सचिव कैलाश चन्द यादव, उप शासन सचिव सावन कुमार चायल, निदेशक डॉ. आनन्द कुमार शर्मा, अतिरिक्त निदेशक ;प्रशासनद्ध श्रीमती मेघना चौधरी, नोडल अधिकारी डॉ. सीतेश्वर प्रसाद भारद्वाज ने तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।निदेशक डॉ. आनन्द कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य मंत्रीमण्डल एवं विधानसभा सदस्यगणों, जनप्रतिनिधियों, पार्षदगणों, प्रशासनिक अधिकारियों, मीडियाकर्मियों, विभिन्न स्वयंसेवी योग संस्थानों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

## आमजन के अभाव अभियोग के निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा संवेदनशील

# 8 विधायकों की मौजूदगी में जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में 125 फरियादियों की हुई सुनवाई

➲ **मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में जिला कलक्टर ने किया आमजन की समस्याओं का मौके पर निस्तारण**

**चमकता राजस्थान**



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमजन के अभाव अभियोगों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर संवेदनशील हैं। माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल ने पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन को नियमित जनसुनवाई के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जिला कलक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला की जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने 125 परिवादियों के परिवाद सुने, जिनमें से 16 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अन्य प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए कलक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 125 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटवाने पेयजल की सप्लाई सुचारू कराने, कृषि भूमि में आवागमन हेतु रास्ता खुलवाने वृद्धावस्था पेंशन, सड़क, आवासीय पट्टा, बनवाने नामांतरण जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आमजन के प्रति जवाबदेही के साथ समस्याओं का निस्तारण करते हुए राहत देने के निर्देश दिए। बैठक में सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, जमवारामगढ़ विधायक महेन्द्र मीणा, चौमूं विधायक शिखा मील बराला, आमेर विधाय प्रशान्त शर्मा, फुलेरा विधायक विद्याधर चौधरी, आदर्श नगर विधायक रफीक खान, चाकसू विधायक राम अवतार बैरवा, पुलिस अधीक्षक (जयपुर ग्रामीण) शांतनु कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) राजकुमार कस्वां, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) लोकेश मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) शैफाली कुशवाह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) अलका विश्नोई, सहायक निदेशक (लोक सेवाएं) सुशीला मीणा, सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## शराब तस्करी करते एक तस्कर गिरफ्तार अंग्रेजी शराब के 185 कार्टून व ट्रेलर जब्त

**चमकता राजस्थान**



**जयपुर/उदयपुर (खलील कुरैशी)।** उदयपुर डीएसटी व टीडी थाना पुलिस की टीम ने उदयपुर-अहमदाबाद हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान बुधवार रात एक ट्रेलर से अवैध अंग्रेजी शराब के विभिन्न ब्रांड की 185 पेटियां जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। सफेद पाउडर के कट्टों की आड़ में आरोपी तस्कर अवैध शराब गुजरात तस्करी कर ले जा रहा था।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि अवैध शराब की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा व सीओ गजेंद्र सिंह राव के सुपरविजन एवं एसएचओ फैली राम के नेतृत्व में बुधवार को डीएसटी व थाना पुलिस की टीम द्वारा उदयपुर अहमदाबाद हाईवे पर नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान एक संदिग्ध ट्रक को रुकवाया गया। तलाशी लेने पर ट्रेलर में वेस्ट मार्बल पाउडर के प्लास्टिक के कट्टों के नीचे विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब के 185 कार्टून छुपाए हुए थे। इस पर पुलिस ने आबकारी एक्ट में अवैध अंग्रेजी शराब व ट्रेलर जप्त कर चालक सोहनलाल पुत्र पेमाजी निवासी सांगठ कला थाना राजनगर जिला राजसमंद को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस की टीम गिरफ्तार आरोपी सोहनलाल से अवैध शराब कीखरीद-फरोख्त और उनके नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल करतार सिंह व कांस्टेबल चंद्र कुमार की विशेष भूमिका रही।

## ऑपरेशन एंटीवायरस में अलवर पुलिस की कार्रवाई

# साइबर ठग गिरोह के तीन सदस्यों को किया गिरफ्तार

➲ **कर 6 एंड्राइड मोबाइल, दो चैक बुक व दो एटीएम कार्ड किये बरामद**

➲ **सोशल मीडिया के जरिए बच्चों के खिलौने बेचने के नाम पर करते हैं ठगी**

**चमकता राजस्थान**



**जयपुर/अलवर (खलील कुरैशी)।** अलवर जिले में साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन एंटीवायरस के अंतर्गत थाना उद्योग नगर पुलिस ने बुधवार को साइबर फ्रॉड प्रभावित क्षेत्र घैघोली गांव में दबिश देकर तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार कर ठगी में उपयोग लिए गए 6 मोबाइल, दो चैक बुक व दो एटीएम कार्ड जप्त किए हैएसपी आनंद शर्मा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर ऑनलाइन ठगी करने वालों के विरुद्ध जिले में ऑपरेशन एंटीवायरस चलाया जाकर साइबर फ्रॉड प्रभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। इसी के अंतर्गत बुधवार को एसएचओ उद्योग नगर विजेंद्र सिंह मय टीम द्वारा धर्म विहार घैघोली में दबिश दी गई थीमौके से पुलिस ने तीन साइबर ठगों मोहिन मेव पुत्र जैकम (23) व शामीन मेव पुत्र निजर खान (20) निवासी बडा वास घैघोली एवं बबलू मीणा पुत्र सतीश मीणा (23) निवासी पण्डित का बास घैघोली थाना उद्योगनगर को गिरफ्तार कर ठगी में उपयोग लिए गए 6 एंड्राइड मोबाइल, दो चैक बुक व दो एटीएम कार्ड बरामद किए है। गिरफ्तार आरोपियों ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, व्हाट्सएप एवं इंस्टाग्राम आदि पर बच्चों के खिलौने के विक्रेता के नाम से फर्जी आईडी बना रखी है। जिस पर उच्च गुणवत्ता के खिलौने की पोस्ट शेयर कर उन्हें डिलीवर करने के लिए एडवांस में पूरी राशि व डिलीवरी चार्ज प्राप्त कर लेते हैं। आरोपी रकम प्राप्त होने के बाद बिना डिलीवरी किये आईडी व सिम का उपयोग बंद कर देते हैं। इस कार्रवाई में थाना उद्योग नगर से एसएचओ विजेंद्र सिंह, एएसआई हरेंद्र सिंह, हैड कांस्टेबल चंद्रपाल, कांस्टेबल देवेंद्र सिंह, ओमवीर सिंह, मुंशी राम व मुनीष सिंह, साइक्लोन सैल से हैड कांस्टेबल संदीप कुमार व खेम सिंह, कांस्टेबल संजय सिंह व लख्मीचंद शामिल थे।

## बाड़ी नगरपालिका बोर्ड की साधारण सभा की बैठक का आयोजन

**चमकता राजस्थान**



**धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी नगरपालिका बोर्ड की साधारण सभा की बैठक का आयोजन पंचायत समिति सभागर में नगरपालिका अध्यक्ष कमलेश देवी जाटव की अध्यक्षता में आयोजित हुई ! नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी रविंद्र सिंह और नगरपालिका अध्यक्ष की देख रेख में बैठक के दौरान कहीं विषय पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें प्रस्ताव लिया गया ! कि डॉ. सुरेंद्र सिंह जादोन के सामने बनी कई दुकानों का छति सहित नीलाम कराई जाए, हौद वाली जगह का भी नीलामी की जाए, राजस्थान सरकार सरकार के आदेशा अनुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम कराया जाएगा ! जिसमें 10000 हजार पौधे लगाने का प्रस्ताव है, पेड़ों के लिए गड्ढे नरेगा द्वारा खुदवाऐ जाएंगे, उसमें वृक्षारोपण गवर्नमेंट रेटपर पेड़ लगाए जाएंगे ! नगरपालिका द्वारा उन पेड़ों की देखभाल पूरी तरह से की जाएगी ! महाराणा प्रताप खेल मैदान देख - रेख कि अभाव में अपने आप में खोता सौंदर्य, पार्क में पीने का पानी, महिलाओं की शौचालय, बाथरूम व्यवस्था नहीं होने की मांग उठी, सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया, पीने के पानी के लिए वाटर बॉक्स से नल कनेक्शन लगवाने हेतु पार्सदो ने प्रस्ताव रखा ! नगर पालिका द्वारा बाजार से तय बजरी का ठेका दोबारा से बहाल किया जाए, तय बजारी का काम नगरपालिका के कर्मचारियों के द्वारा करवाया जाए ! महाराजा बाग सर्कल के नाम को नहीं बदल जाए, बसेड़ी रोड, धौलपुर रोड, सरमथुरा रोड, कि सर्कल के नाम शहीदों के नाम पर रखा जाए, नगरपालिका ई.ओ. द्वारा बताया गया ! कि मैरिजहोम, हॉस्पिटल, गुटखा पानी की दुकान, पेटीज की दुकान, चाऊमीन भले की दुकान, सब्जी ठेल वाले, आइसक्रीम की गाड़ियां, जूस की दुकान, जिन दुकानों से कचरा संग्रहण होता है ! उनसे अब शुल्क लिया जाएगा ! शहर में बंद पडी स्ट्रीट लाइटों को तुरंत प्रभाव से दुरस्थ करवाया जाएगा ! जिन प्वाइंटों पर लाइट नहीं है ! उन पर लाइट लगवाई जाएगी ! नाले एवं नालियों की सफाई व्यवस्था करवायी जाएगी, एवं हमारे सभी सफाई कर्मचारियों को अलग से एक ड्रेस दी जाए, जिससे पता लगे कि हमारे कर्मचारी काम कर रहे हैं ! या नहीं, गिनती भी हो जाएगी कितने लोग आज काम पर आए हैं ! नगर पालिका क्षेत्र की सभी समस्याओं पर विशेष रूप से अमल में लाकर कार्य करवाए जाएंगे ! आज की साधारण सभा में होतमसिंह जाटव चेयरमैन प्रतिनिधि, रुक्मपाल सिंह जादौन, राजकुमार भारद्वाज, राजवीर सिंह जाटव, रोहित मंगल, अमित मंगल, प्रवीण सिंगल, मोनू मंगल, जे ई न. कैलाश शर्मा, सीताराम शर्मा, यादवेंद्र तोमर, मजीद खान, मोनू शर्मा, आदि लोग मौजूद रहे !

## पूर्व कैबिनेट मंत्री बिश्वेन्द्र सिंह की याचिका कोर्ट में हुई खारिज




**चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)।** भरतपुर के उपखंड मजिस्ट्रेट (रुद्ध) ने पूर्व केबिनेट मंत्री बिश्वेन्द्र सिंह की उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमे उन्होंने अपनी पत्नी और बेटे से अपने भरण पोषण की माँग की थी। अदालत ने पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वेंद्र सिंह की याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा है कि, यह मामला उपखंड मजिस्ट्रेट की अदालत के क्षेत्राधिकार से बाहर है जिसकी बजह से याचिका कोर्ट में चलने लायक नहीं है। सूत्रों ने बताया गया कि अब यह याचिका सिविल कोर्ट में दायर की जाएगी। गौरतलब है कि पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने कोर्ट में याचिका लगाते हुए बताया था की, प्रार्थी वरिष्ठ नागरिक है और, ह्रदय रोग से पीड़ित है। उन्हें साल 2021 और 2022 में दो बार कोरोना हुआ है। उस दौरान पत्नी और बेटे उन्हें देखने के लिए भी नहीं आये। फोन पर बात भी नहीं कि, उन्होंने पिता से वसीयत के जरिए प्राप्त सम्पत्तियों पर अपना हक बताया। पूर्व मंत्री ने पत्नी और बेटे की सालाना आय के स्त्रोत भी बताएं हैं। पत्नी की सालाना आये और पेंशन सहित 84 लाख रुपये है। जबकि बेटे की आये 23 लाख रुपये से भी ज्यादा है।

# डीएसटी की कार्रवाई, नाबालिग से गैंगरेप का आरोपी जयपुर से गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान**



**जयपुर/दौसा (खलील कुरैशी)।** दौसा में नाबालिग बालिका को रात के समय घर से उठाकर खेतों में ले जा कर जबरन गैंगरेप करने के मामले में दौसा डीएसटी ने राहुवास थाना क्षेत्र के नीमड़ी की ढाणी के रहने वाले आरोपी रामू मीना पुत्र घासी लाल (26) को जयपुर से दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित हैएसपी रंजीता शर्मा ने बताया कि परिजनों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार 21 मई की रात करीब 12 बजे थाना राहुवास क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की शौच के लिए घर से बाहर निकली थी। अचानक उसी के गांव का रवि उर्फ धोल्या मीना व पिंटू उर्फ दीपक मीना पुत्र बदरी लाल वहां आए और उसे जबरदस्ती उठाकर मकान के पीछे खेतों के डोलो में ले गये। जहां नाबालिग के साथ मारपीट कर जबरदस्ती आरोपियों ने बारी बारी से बलात्कार किया। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई।धमकी की वजह से नाबालिग ने अपने घर पर किसी को कुछ नहीं बताया। 27 मई की रात दोनों फिर से आ गए और घर के बाहर सो रही नाबालिक को उठाकर खेतों में ले जाकर बुरी तरह मारा और फिर से गैंगरेप किया। चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी रवि व पिंटू भाग गये। अर्द्ध बेहोशी की हालत में बच्ची को घर लेकर पहुंचे। उसके बाद आरोपियों ने लड़की के परिवार वालों को ऐलानियां धमकी दी कि हमारे खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया तो पूरे परिवार सहित जान से मार देंगे। एक आरोपी रवि उर्फ धोल्या मीना ने कहा मेरे खिलाफ पहले भी बलात्कार का मुकदमा चल रहा है और मैं जेल काटकर आया हूं। परिजनों द्वारा दी गई इस रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। आईजी रेंज अनिल कुमार टांक के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी रंजीता शर्मा द्वारा सीओ चारुल गुप्ता के सुपरविजन एवं डीएसटी प्रभारी चन्द्र शेखर शर्मा के नेतृत्व में गठित की गई टीमों द्वारा तकनीकी एवं मुखबिर से मिली सूचना पर दौसा, जयपुर, सवाई माधोपुर व अलवर में वांछित अपराधियों की रिश्तेदारियों व दोस्तों के घर दबिश दी गई। इसी दौरान 13 मई को डीएसटी व थाना राहुवास पुलिस ने गैंगरेप के एक आरोपी रवि कुमार उर्फ धोल्या मीना को जयपुर से दस्तयाब कर लिया था। जिसे पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी। जिनकी गिरफ्तारी के लिए सभी संभावित स्थानों पर दबिशें दी जा रही थी। गुरुवार को टीम ने जयपुर से घटना के एक और आरोपी रामू मीना को पकड़ लिया है। जिस मामले में गिरफ्तार कर अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।इस कार्रवाई में डीएसटी दौसा के कांस्टेबल विजय कुमार की विशेष भूमिका रही। टीम में हैड कांस्टेबल प्रदीप राव व लोकेश शर्मा, कांस्टेबल घनश्याम, राजू लाल, बालकेश व चालक राकेश शामिल थे।

## मेधावी प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ भव्य सम्मान

**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर की बाड़ी उपखण्ड में शहर के निजी शिक्षण संस्थान अग्रवाल क्लासेस फॉर सोशल साइंस के विद्यार्थियों द्वारा संपूर्ण धौलपुर जिले में कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट अंक लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कक्षा दसवीं में नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों में सृष्टि सिंघल 99 अंक, शिवम मंगल 97 अंक, स्नेहा परमार 94 अंक ,वंशिका अग्रवाल 92 अंक, दिव्यांशी मित्तल 89 अंक, ख्याति गोयल 89 अंक व अन्य विद्यार्थियों को माला पहनकर व मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत सम्मान किया ! तथा कोचिंग संचालक घनश्याम अग्रवाल के द्वारा बच्चों का सम्मान व मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में नितिन शिवहरे, पुष्पेंद्र शिवहरे, विवेक शिवहरे, सोनू कुशवाह अन्य अभिभावक गण एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे !

# राजस्थान यूनिवर्सिटी में अवैध वसूली /तानाशाही के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** राजस्थान यूनिवर्सिटी में रिवैल्यूएशन (पुनर्मूल्यांकन) के नाम पर होने वाली वसूली को लेकर गुरुवार को प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस ने मौके से 5 छात्रों को हिरासत में भी लिया। गुस्साए छात्रों ने प्रशासनिक भवन (एडम ब्लाॅक) के ताला लगा दिया। दरअसल, यूनिवर्सिटी में सुबह 11 बजे छात्र नेता शुभम रेवाड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र प्रदर्शन करने पहुंचे थे। छात्रों ने एडम ब्लॉक के गेट पर धरना शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ छात्र प्रशासनिक भवन में घुस गए और गेट पर ताला लगा दिया। प्रदर्शन को देखते हुए गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को खदेड़ने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। इसके बाद पुलिस टीम ने एडम ब्लॉक में धरना दे रहे 5 छात्रों को हिरासत में ले लिया है।छात्रों की जायज मांग को दबाने की कोशिश की गई शुभम रेवाड़ ने कोशिश की। हम डरने वाले नहीं हैं। हम एक बार फिर छात्रों की समस्या को लेकर बड़ा आंदोलन करेंगे। इसके लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन जिम्मेदार होगा।वसूली की जा रहीः शुभम ने कहा के पिछले कुछ सालों से राजस्थान यूनिवर्सिटी का जब भी रिजल्ट आता है। उसमें लगभग 80-90 प्रतिशत विद्यार्थियों को फेल कर दिया जाता है। कुछ सब्जेक्ट्स में बैक लगा दी जाती है। इसके बाद रिवैल्यूएशन के नाम पर छात्रों से 430 रुपए वसूले जाते हैं। इसके बाद फेल होने वाले अधिकतर छात्रों को पास कर दिया जाता है। इससे साफ जाहिर होता है कि गलती यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों से ही हुई। इस पूरे काम में यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और बड़े अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल है। इसी वजह से सालों से यह काला कारनामाबताया के इसको लेकर हम शांतिप्रिय तरीके से विरोध कर रहे थे। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने मौके पर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने लाठीचार्ज कर आम छात्रों की जायज मांग को दबाने कीचल रहा है। इसका भुगतान भी छात्रों से वसूला जाता है। जो पूरी तरह गलत है। इसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।डिजिटल होगी पुर्नमूल्यांकन की व्यवस्था कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने कहा- रिवैल्यूएशन में हर बार प्रोफेसर की गलती नहीं होती है। कई बार छात्रों के नंबर बढ़ने की जगह कम भी हो जाते हैं। इसलिए इस तरह का आरोप लगाना गलत है।हालांकि कई बार छात्रों के नंबर बढ़ भी जाते हैं। ऐसे में इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए हम पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया को डिजिटल करने के प्रयास कर रहे हैं। जिसके बाद बहुत जल्द यूनिवर्सिटी में पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया डिजिटल तौर पर शुरू हो जाएगी। जिससे छात्रों को इस तरह की समस्या से परेशान नहीं होना पड़ेगा।



## एक नजर

### फेसबुक पर ऑनलाइन चैटिंग के जरिए ठगी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान। भुसावर(राजवीर सिंह)** थाना पुलिस ने फेसबुक पर ऑनलाईन चैटिंग के जरिये ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर 1 मोबाईल व 38 हजार रूपये जब्त किए है। थानाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि नाकाबन्दी के दौरान विधापीठ कस्वा भुसावर से संदिग्ध प्रतीत होने पर वाईक सवार को पकडकर नाम-पता पूछा तो उसने अपने नाम अशोक कुमार पुत्र भारत लाल मीना उम्र 24 साल निवासी नरकट का नगला झारौटी थाना भुसावर का होना बताया। उक्त व्यक्ति के मोबाईल फोन को चैक किया तो मोबाईल फोन में फेसबुक पर अज्ञात युवती की फोटो की डीपी लगाकर फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर अनेक व्यक्तियों से चैटिंग कर ऑनलाइन चैटिंग व कॉलिंग के जरिये भोले-भाले लोगों को फंसाकर सैक्स चैट व विडियो कॉलिंग कर ऑनलाईन ठगी करता हूँ। पुलिस द्वारा आरोपी फैसबुक पर ऑनलाईन ठगी करने के अपराध में संलिप्त पाये जाने पर उक्त आरोपी अशोक कुमार को गिरफतार कर आरोपी के कब्जे से माबोईल फोन व 38 हजार रूपये को जब्त किया गया।



### जमीन विवाद में पुत्र ने की पिता की हत्या

**पूर्वी चंपारण।** जिले में आपसी विवाद में एक पुत्र पक अपने पिता की पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र के शंभू चक पंचायत के वार्ड नंबर 10 राई टोला की है। में बताया जा रहा है कि कल्याणपुर थाना क्षेत्र के शम्भूचक पंचायत के वार्ड नंबर-10 राइटोला गांव निवासी अरुण सिंह और उसके छोटे भाई रत्नेश सिंह के बीच घरारी के जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था, जिसको लेकर फिर से दोनो के बीच विवाद शुरू हुआ तो पिता वशिष्ठ सिंह (70 साल) बीच में आ गए। फिर दोनों के बीच पहले गाली- गलौज फिर मारपीट शुरू हो गया। इसी दौरान अरुण सिंह ने अपने बेटे विवेक कुमार, पत्नी अर्चना देवी और एक पट्टीदार संजय सिंह के साथ मिल कर अपने वृद्ध पिता वशिष्ठ सिंह की पिटाई शुरू कर दी,जिससे वशिष्ठ सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना के बाद अरुण सिंह अपनी पत्नी और बेटा के साथ फरार है। मृतक का छोटा बेटा रत्नेश ने बताया कि पिता जी हमारे साथ थे।

### बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र 22 से

**पटना।** बिहार विधानमंडल का सत्र आगामी 22 से 26 जुलाई तक चलेगा। सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी।बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र के लिए सरकार ने अपनी स्वीकृति दे दी है। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद अब विधानसभा सचिवालय जल्द ही पूरा शेड्यूल जारी करेगा। पांच दिनों तक चलने वाले सत्र के दौरान सरकार कई अहम विधेयकों को सदन के पटल पर रखेगी और दोनों सदनों से उन्हें पारित कराने की कोशिश करेगी। 22 जुलाई को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही मानसून सत्र की शुरूआज होगी। सोमवार से शुरू होकर शुक्रवार तक चलने वाले मानसून सत्र के दौरान विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा।

### अधिवक्ता के निधन पर शोक सभा

**नवादा।** एडवोकेट एसोसिएशन सदर सब डिविजन नवादा के सदस्य स्वर्गीय अखिलेश प्रसाद के आकस्मिक निधन के बाद मृत आत्मा की शांति के लिए गुरुवार को नवादा व्यवहार न्यायालय मे शोक सभा का आयोजन किया गया। अनुमंडल अधिवक्ता संघ के साथ ही नवादा जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने भी आज न्यायालय में कार्य नहीं किया, जिस कारण न्यायालय का कार्य पूर्णतया ठप रहा। मृत अधिवक्ता की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की गई । शोकसभा में अध्यक्ष श्रीकृष्ण कुमार सिन्हा, महासचिव निरंजन कुमार सिंह, पूर्व महासचिव इश्वरी प्रसाद शर्मा सहित सैकड़ों सदस्यों ने दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। महासचिव निरंजन कुमार सिंह ने बताया कि तत्काल प्रशासनिक आदेश के तहत अध्यक्ष के साथ विचारोपरांत दस हजार रुपये की सहायता राशी स्वर्गीय अधिवक्ता अखिलेश प्रसाद की पत्नी को दिये जाने की बात पर सहमति बनी।

### ग्रामीणों ने किया घंटो सड़क जाम

**अलीपुरद्वार।** लगातार बारिश के कारण हाथी हर रात फालाकाटा ब्लॉक के मुंडापाड़ा और छोटा शालकुमार गांवों में प्रवेश कर रहे हैं। जिससे पिछले कुछ दिनों में 10-12 लोगों के घर क्षतिग्रत हो गए है। हाथियों के झुंड ने घर में रखा खाना खा लिया है। रात में श्रमिक पलंग के नीचे सोने में मजबूर है। बढ़ते हाथी के आंतक के कारण स्थानीय लोगों ने गुरुवार को फालाकाटा-मदारीहाट राजमार्ग बंद कर विरोध प्रदर्शन में शमिल हो गए। प्रदर्शनकारियों का यह आंदोलन सुबह से दोपहर तक चलाने से सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पर फालाकाटा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने बाद में पुलिस के आश्वासन पर जाम हटाया गया। फालाकाटा पंचायत समिति के वन एवं भूमि अधिकारी दीपक सरकार के कहा कि बारिश में हाथी कई इलाकों में प्रवेश कर रहे हैं। इसलिए जंगल संलग्न इलाके के लोग चिंतित हैं।

## महानंदा नदी का जलस्तर तीन दिन में 4 सेंटीमीटर बढ़ा

# कई हिस्सों में घुसा बाढ़ का पानी

### साथ ही डोंक नदी का भी जलस्तर काफी बढ़ गया है

एजेंसी

**किशनगंज।** जिले में बीते तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से महानंदा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। साथ ही डोंक नदी का भी जलस्तर काफी बढ़ गया है। इसको लेकर सीओ मोहित राज ने भी नदियों का जायजा लिया है। पोठिया प्रखंड क्षेत्र होकर बहने वाली महानंदा व डोंक नदी का जलस्तर पिछले तीन दिनों से बढ़ रहा है। लगातार वर्षा होने के कारण दोनों नदी उफान पर है।
महानंदा नदी का जलस्तर बढ़कर 4 सेंटीमीटर हो गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने की वजह से गोरिहाट, डाक बंगला, कलियागंज आदि स्थानों पर नदी किनारे बसने वाले गिल्हाबाड़ी, बारापोखर, आदिवासी टोला मुस्लिम टोला, बारापोखर प्राथमिक विद्यालय, तैयबपुर, कलियागंज, गोरिहाट, इंदरपुर सहित दर्जनों गांवों में नदी का पानी प्रवेश कर जाता है। फिलहाल, बहादुरगंज के कई हिस्सों में बाढ़ का पानी घुस चुका है।



नदी की उफान को लेकर लोग इस आशंका को लेकर परेशान हैं, कि यदि रात तक पानी की बढ़ती रफ्तार नहीं रुका तो मुश्किलें बढ़ जायेगी। इसी प्रकार डोंक नदी का भी जल स्तर बढ़ने से लोग बाढ़ की आशंका को लेकर चिंतित हैं। पोठिया के मो. आदिल, बिरजू सहित कई स्थानीय लोगो ने बताया कि गांव में अब तक पानी प्रवेश नहीं किया है। लेकिन, माल मवेशियों को दिक्कत जरूर है।
नदियों के उफान से कई मुख्य सड़कों से संपर्क टूटने के कगार पर है। कई डायवर्जन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे लोगों को काफी परेशानी होगी। मामले पर अंचल अधिकारी मोहित राज ने बताया कि उनके द्वारा विभिन्न बढ़े हुए नदियों का निरीक्षण किया जा रहा है, साथ ही टूटे हुए डायवर्जन वाले जगहों को चिह्नित कर तत्काल प्रभाव से उसे ठीक किया जा रहा है और चलने लायक बनाया जा रहा है।

## एक ही परिवार तीन महिलाओं का मिला शव, इलाके में हड़कंप



एजेंसी

**नवादा।** नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के भलुआही गांव में गुरुवार को एक घर से तीन महिलाओं का शव बरामद हुई है। इस दर्दनाक घटना के प्रकाश में आने से इलाके में हड़कम्प मचा है। एक ही परिवार के तीन महिला सदस्यों की मिली लाश की तरह की शंकाओं को जन्म दे रही है। मृतकों में माता एवं उनकी दो पुत्रियां शामिल है। जिसमें एक पुत्री शिक्षिका बताई जाती हैं। जो प्रखण्ड के केवाली पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा में पदस्थापित थीं। घटना के बाद इलाके में कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भलुआही बाजार में अवस्थित सेवानिवृत्त इंजीनियर स्वर्गीय नियाज अहमद के मकान में रह रहे उनकी पत्नी आमना खातून (उम्र-लगभग 85 वर्ष),उनकी शिक्षिका पुत्री शबाना खान (उम्र-लगभग 55 वर्ष) एवं एक अन्य पुत्री मंजू खातून (उम्र-लगभग 56 वर्ष) की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। तीनों महिलाएं का शव मकान के ही अलग अलग कमरा से बरामद किया गया है।

## हावड़ा और बेलघरिया में ईडी का तलाशी अभियान



संवाददाता

**कोलकाता।** गुरुवार सुबह से ही ईडी कई इलाकों में तलाशी अभियान की। ईडी की दो टीमें इस दिन हावड़ा के सालकिया और लिलुआ में तलासी अभियान की। सूत्रों के मुताबिक धोखाधड़ी के एक मामले की जांच में उन दोनों इलाकों के दो निवासियों के नाम सामने आयी हैं। यह तलासी अभियान उसी केस पर आधारित है। पता चला है कि ईडी सलकिया के श्रीराम ध्यम रोड निवासी मोहम्मद हुसैन के घर और लिलुआ के चकपारा इलाके में मनोज दुबे के फ्लैट पर तलाशी अभियान की। केंद्रीय बलों ने दोनों जगहों को घेर लिया। पता चला है कि इन दोनों लोगों का नाम साइबर फ्रॉड मामले में आरोपी के तौर पर सामने आया है। उसी आधार पर ईडी के अधिकारी उनके घरों की तलाशी किये। इस बीच ईडी बेलघरिया के जाग्रत पल्ली में आदित्य अपार्टमेंट की पहली मंजिल पर रमेश प्रसाद नाम के शख्स के घर की तलाशी की। बताया जाता है कि रमेश एक विदेशी सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करता है।

## 'जुर्माने' के पैसे मांगने पर एक युवक की हत्या

संवाददाता

**कोलकाता।** मुर्शिदाबाद के सुती थाना क्षेत्र के नेताजी मोर-बराजपाड़ा इलाके में गुरुवार सुबह पेड़ से आम तोड़ने के विवाद में एक युवक की हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृत युवक का नाम कबीर शेख (34) है। घर बरजपारा इलाके में है। जंगीपुर पुलिस जिला अधीक्षक आनंद रॉय ने कहा, हत्या में शामिल होने के आरोप में दो लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। सुती थाना पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। उनका घर भी बरजपारा गांव में है।
स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुछ दिन पहले कबीर शेख और रेजाउल शेख के बीच एक पेड़ के आम को लेकर झगड़ा हुआ था। रेजाउल के परिवार का एक सदस्य चट्टान से टकराकर पेड़ से आम तोड़ने की कोशिश कर रहा था, जबकि कबीर के परिवार का एक सदस्य चट्टान से टकराकर घायल हो गया। इस घटना को लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद हो गया। बाद में गांव के कुछ लोगों ने मध्यस्थता कर दोनों परिवारों के बीच विवाद को सुलझाया और गांव की मध्यस्थता बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रेजाउल कबीर के परिवार घायल सदस्य के इलाज के लिए 800 रुपये देगा।



हालांकि, स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मध्यस्थता बैठक के फैसले के बाद रेजाउल ने कबीर को 800 रूपए का 'जुर्माना' नहीं दिया। बताया जाता है कि कबीर जुर्माना वसूलने के लिए पिछले कुछ दिनों में कई बार रेजाउल के घर गया लेकिन उसे खाली हाथ लौटना पड़ा। सूरज शेख नामक मृतक के एक रिश्तेदार ने कहा, कबीर अपने पैसे के लिए रेजाउल के घर गया था। उसी समय रेजाउल ने अचानक चाकू से उसकी हत्या कर दी। घटना के दौरान रेजाउल की पत्नी भी उसके साथ थी। हत्या की खबर मिलते ही सूती थाने की बड़ी संख्या में पुलिस बल इलाके में पहुंची। घटना के कुछ ही देर बाद पुलिस ने इलाके में छापेमारी कर आरोपी रेजाउल और उसकी पत्नी जली को गिरफ्तार कर लिया।

## ज्योतिप्रिय ने फिर मांगी जमानत, ईडी ने जताई आपत्ति

**कोलकाता।** राशन वितरण भ्रष्टाचार मामले में ज्योतिप्रिय की परेशानी बरकरार है। राज्य के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक ने जमानत के लिए एक बार फिर कोलकाता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। गुरुवार को ईडी ने मामले की जमानत सुनवाई का विरोध करते हुए कोर्ट से समय मांगा। जस्टिस शुभ्रा घोष ने केंद्रीय जांच एजेंसी को चार दिन का समय दिया। इस मामले की अगली सुनवाई अगले मंगलवार को है। ज्योतिप्रिय के परिवार ने शारीरिक बीमारियों का हवाला देते हुए कई बार अदालत में जमानत के लिए आवेदन किया है। लेकिन कोर्ट ने अभी तक ज्योतिप्रिय की जमानत अर्जी मंजूर नहीं की है। उन्हें 16 फरवरी को राज्य मंत्रिमंडल से हटा दिया गया था। तृणमूल के एक सूत्र के मुताबिक ज्योतिप्रिय को जमानत दिलाने के लिए उनके परिवार ने मुख्यमंत्री से मंत्रिमंडल से हटाने की अपील की थी। उस याचिका पर फरवरी में ज्योतिप्रिय को मंत्रालय से बर्खास्त कर दिया गया था। लेकिन फिर भी अभी तक जमानत नहीं मिली।

## कोटक लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया कोटक जेन 2 जेन प्रोटेक्ट

# सुरक्षा योजना जेन विरासत के रूप में आपके बच्चे को भी दी जा सकती है

संवाददाता

**कोलकाता।** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने आज अपनी नई सुरक्षा योजना कोटक जेन-जेन प्रोटेक्ट को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह उत्पाद एक योजना के साथ दो पीढ़ियों को कवर करने के विकल्प के साथ इंडस्ट्री की ऐसी पहली सुविधा प्रदान करता है, जो इस सुरक्षा की विरासत को आगे बढ़ाता है। सर्वाइवल (उत्तरजीविता) पर प्रीमियम लाभ की 100 फीसदी गारंटीकृत वापसी के साथ आने वाला, कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट बच्चे को कम्पलीट रिस्क कवर (पूर्ण जोखिम कवर) ट्रांसफर करने की सुविधा प्रदान करता है, जब माता-पिता (प्राथमिक बीमाधारक) 60 या 65 साल के हो जाते हैं। इसके अलावा, यह रिस्क कवर बच्चे के साथ 60 साल की उम्र तक बना रहता है। यह उत्पाद वेलनेस बेनेफिट और एक्सीडेंटल डेथ बेनेफिट (दुर्घटना मृत्यु लाभ), स्थायी विकलांगता की स्थिति में लाभ और गंभीर बीमारी प्लस जैसे राइडर्स के माध्यम से व्यापक कवरेज भी प्रदान करता है। महिला पॉलिसीधारकों के लिए, कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट अतिरिक्त 5 फीसदी डेथ बेनेफिट प्रदान करता है। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के एमडी, महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा कि एक संगठन के रूप में, हमारा समर्पण उन उत्पादों को नया और क्यूरेट करने पर है, जो हमारे ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। कोटक जेन 2 जेन प्रोटेक्ट एक ऐसा उत्पाद है, जिसके माध्यम से हमारे ग्राहक एक ही टर्म प्लान के साथ दो पीढ़ियों को सुरक्षित कर सकते हैं। इस उत्पाद की सोच हम भारतीयों द्वारा परिवार, परंपरा और विरासत को दिए जाने वाले महत्व से आती है। मूल्यों, ज्ञान और शिक्षा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी भारतीय संस्कृति में गहराई से समाहित है। यहां एक उत्पाद है जो इन मूल्यों के महत्व को समझता है। मुझे यकीन है कि कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट जैसे इनोवेटिव उत्पाद प्रोटेक्शन कैटेगरी का विस्तार करेंगे और 2047 तक आईआरडीएआई के 'सभी के लिए बीमा' के उद्देश्य में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।



## न्यूटाउन में क्षत-विक्षत शव, हत्या या आत्महत्या, पुलिस कर रही जांच



संवाददाता

**कोलकाता।** न्यूटाउन में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से काफी उत्साह है। गुरुवार को सुबह होने से पहले, स्थानीय लोगों ने इकोपार्क पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर राम मंदिर के पास खालपड़ा में एक सुनसान जगह पर शव पड़ा देखा। पुलिस के मुताबिक अधेड़ उम्र के मृत व्यक्ति का नाम और पहचान अभी तक पता नहीं चल पाई है। उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। शायद रात के अंधेरे में किसी ने उसका क्षत-विक्षत शव न्यूटाउन में फेंक दिया होगा। उन अपराधियों की तलाश जारी है।
स्थानीय व पुलिस सूत्रों के अनुसार स्थानीय लोगों ने खालपाड़ा में फेंके गये गद्दे पर खून से सना हुआ शव देखा। मृतक ने हाफ पेंट पहना हुआ था। और शरीर का ऊपरी हिस्सा खाली था। खून के धब्बे नाक, मुंह और घुटनों से देखा गया। तुरंत ईकोपार्क थाने की पुलिस को सूचना दी गयी। इसके बाद पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
लेकिन अज्ञात व्यक्ति की मौत कैसे हुई, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस की शुरूआती धारणा यह है कि व्यक्ति की हत्या कहीं और की गई है और शव को खालपाड़ा में सुनसान जगह पर फेंक दिया गया है।

## एक नजर

### फिलीपीन ने चीन से हथियार लौटाने, नौकाओं के नुकसान की भरपाई को कहा



**मनीला।** फिलीपीन और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर संघर्ष व विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामले में फिलीपीन के सैन्य प्रमुख ने बुधवार को चीन से विवादित तटवर्ती क्षेत्र में चीनी तटरक्षक द्वारा जब्त किए गए हथियार और उपकरण लौटाने तथा हमले में हुए नुकसान की भरपाई की मांग की है। उन्होंने इस हमले की तुलना दक्षिण चीन सागर में समुद्री लूट की घटना से की। फिलीपीन के अधिकारियों के अनुसार, सोमवार को आठ से अधिक मोटरबोट पर सवार चीनी तटरक्षक कर्मियों ने फिलीपीन की नौसेना की दो नौकाओं को बार-बार टक्कर मारी और उन पर चढ़ गए। चीनी तटरक्षक कर्मियों ने फिलीपीन नौसेना कर्मियों को द्वितीय थॉमस शोल में क्षेत्रीय चौकी पर खाद्य और आग्नेयास्त्रों सहित अन्य आपूर्ति स्थानांतरित करने से रोक दिया।

### खरीब फसलों के एमएसपी वृद्धि का निर्णय किसानों को सशक्त करने वाला है: धामी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विपणन सत्र 2024-25 में खरीफ की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि करने का केंद्रीय मंत्रिमंडल का निर्णय को देश के किसानों को सशक्त करने वाला बताया है। मुख्यमंत्री धामी ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्रिमंडल का उत्तराखण्ड के समस्त अन्नदाता किसानों की ओर से हार्दिक आभार व अभिनंदन किया। उन्होंने लिखा है कि इस निर्णय से किसान भाई-बहनों की आय बढ़ने के साथ ही उनके जीवन स्तर में भी सुधार होगा। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री का यह निर्णय किसानों की उन्नति और समृद्धि की गारंटी बनेगा।

### विदेशमंत्री जयशंकर दूसरे कार्यकाल में अपनी पहली यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे



**नई दिल्ली।** भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर अपने लगातार दूसरे कार्यकाल की अपनी पहली विदेश यात्रा पर आज कुछ देर पहले श्रीलंका की राजधानी कोलंबो पहुंचे। उनका कोलंबो में जोरदार स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह यात्रा भारत की 'पड़ोसी पहले नीति' के तहत है और श्रीलंका को लगातार अपने निकटतम समुद्री पड़ोसी के रूप में देखती है। विदेशमंत्री जयशंकर ने कोलंबो पहुंचने के दो फोटो अपने एक्स हैंडल पर साझा किए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि एस. जयशंकर की यह यात्रा दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी परियोजनाओं और अन्य क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी होगी। उल्लेखनीय है कि जयशंकर पिछले सप्ताह इटली के अपुलिया क्षेत्र में आयोजित जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे।

### घर से 220 किलो गोमांस बरामद, चार गिरफ्तार

**हरिद्वार।** पथरी थाना पुलिस ने गुरुवार को ग्राम अलावलपुर में एक घर में छापा मारकर 220 किलो से अधिक गोमांस बरामद किया है। पुलिस ने मौके से एक ही परिवार के चार लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि पांच लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी है। पथरी थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार की पुलिस टीम ने गोकशी की सूचना पर ग्राम अलावलपुर स्थित एक घर में गुरुवार को छापा मारा। पुलिस घर से 220 किलो से अधिक गोमांस व गोकशी के उपकरणों बरामद किए। पुलिस ने मौके से चार लोगों (03 महिला, 01 पुरुष) को गिरफ्तार किया। इस दौरान मौका पाकर 05 आरोपित फरार हो गए। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपितों ने अपने नाम अखलाक पुत्र अब्बलू हसन, नसरीन पत्नी अब्दुल रहमान, शबनूर पत्नी दिलशाद व फरमानी पत्नी उमेर निवासीगण ग्राम अलावलपुर थाना पथरी जनपद हरिद्वार बताए।

### ताइवान को 36 करोड़ डॉलर के हथियार देगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन ने मंगलवार को ताइवान को 36 करोड़ डॉलर के नए हथियारों की बिक्री को मंजूरी दी है। इसमें 291अल्टियस-600एम सिस्टम शामिल है। इस प्रणाली में युद्धक हथियारों के साथ लैस मानवरहित विमान या ड्रोन शामिल हैं। अमेरिका के इस दावे से चीन की टेंशन बढ़ गई है। इसके अलावा ताइवान को अधिक रेंज वाले 720 स्विचब्लेड ड्रोन और मिसाइल भी दिए जाएंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि यह ताइवान की सुरक्षा में सुधार करने में मदद करेगा और क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता, सैन्य संतुलन और आर्थिक प्रगति बनाए रखने में सहायता करेगा। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने बुधवार को ताइपे में ताइवान को नवीनतम हथियार बिक्री को मंजूरी देने के लिए अमेरिका को धन्यवाद दिया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी का एमएसपी में वृद्धि के लिए जताया आभार

# खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों में आएगी खुशहाली: डॉ मोहन यादव

- प्रधानमंत्री मोदी का आभार माना और किसानों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं



**भोपाल। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल के विपणन सत्र 2024-25 के लिए सभी आवश्यक खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी देने से किसानों को बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी और उनके जीवन का एक नया अध्याय आरंभ होगा। प्रधानमंत्री मोदी की यह पहल जनकल्याण की भावना से किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली सिद्ध होगी। एमएसपी में इस वृद्धि से प्रधानमंत्री मोदी की अन्नदाताओं को दी गई पहली गारंटी पूरी होगी और देश की अर्थव्यवस्था पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान मीडिया से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से सौजन्य भेंट कर डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में प्रदेश के सर्वांगीण विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने एमएसपी में वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार माना और किसानों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं।

**प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 14 प्रकार की फसलों के मूल्यों में वृद्धि की गई है। समर्थन मूल्य पर की गई यह वृद्धि सिद्ध करती है कि प्रधानमंत्री जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं। धान का समर्थन मूल्य दो हजार 300 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है, इसमें 117 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई है। अब कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य सात हजार 521 रुपये होगा, यह पिछली दर से 501 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। इसी प्रकार उत्पादकों को उनके उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, तुअर, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, रामतिल आदि के न्यूनतम मूल्य में वृद्धि की गई है।

**तिल की दर में हुई 632 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशा किसानों की आय बढ़ाना है, उन्होंने हाल ही में किसान सम्मान निधि जारी कर किसानों की मदद की है। समर्थन मूल्य पर की गई वृद्धि से हाईब्रिड ज्वार अब 3 हजार 371 रुपये, मालदंडी ज्वार 3 हजार 421 रुपये प्रति क्विंटल और बाजरा 2 हजार 625 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा जाएगा। रागी 4 हजार 290 रुपये प्रति क्विंटल खरीदने के लिए दरों में 444 रुपये की वृद्धि की गई है। मक्का अब 2 हजार 225 रुपये प्रति क्विंटल खरीदी जाएगी। सोयाबीन में 292 रुपये की वृद्धि की गई है, अब यह 4 हजार 892 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा जाएगा। तिल की दर में 632 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है, अब यह 9 हजार 267 रुपये प्रति क्विंटल की दर से लिया जाएगा।

### किसानों से धोखाधड़ी का आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार।** किसानों से धोखाधड़ी कर लाखों का गबन कर फरार हुए 15 हजार के इनामी बदमाश को उत्तराखंड एसटीएफ ने हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गए आरोपित के खिलाफ खटीमा थाने में मुकदमा दर्ज है। बताया गया कि पकड़ा गया, इनामी गुरमीत पंवार वर्ष 2021-22 में सितारगंज स्थित चीनी मिल में पिराई सत्र में आउटसोर्स के माध्यम से गन्ना तौल के लिए रखा गया था। आरोप है कि सेन्टर इंचार्ज के रूप कार्य के दौरान गुरमीत पंवार ने गन्ना सेंटर पर किसानों से प्राप्त पर्चियों में हेर फेर कर लाखों का गबन किया था। उसने सरकारी दस्तावेजों को तय समय पर चीनी मिल में जमा नहीं किया था। जिस पर थाना खटीमा में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपित तभी फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी उधमसिंह नगर द्वारा 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि 2 वर्ष पूर्व उधमसिंह नगर जिले के खटीमा थाने में किसानों से धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोपित तभी से लगातार पुलिस से बचता फिर रहा था। इसके चलते उस पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इस बीच आरोपित के हरिद्वार के लक्सर थाना क्षेत्र में होने की सूचना पुलिस को मिली।

## हर परिवार के पास हो फैमिली आईडी, हर जरूरत पूरा करने का बनेगी माध्यम : योगी

**लखनऊ। एजेंसी**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की प्रत्येक परिवार इकाई को जारी की जा रही 'परिवार आईडी' प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ सभी परिवारों को उपलब्ध कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हर परिवार को सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक परिवार के न्यूनतम एक सदस्य को रोजगार-सेवायोजन से जोड़ने के संकल्प के क्रम में प्रदेश में परिवार आईडी जारी की जा रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में निवासरत लगभग 3.60 करोड़ परिवार के 15.07 करोड़ लोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ पा रहे हैं। इन परिवारों की राशनकार्ड संख्या ही फैमिली आईडी है। जबकि 01 लाख से अधिक गैर राशन कार्ड धारकों को फैमिली आईडी जारी की जा चुकी है।

ऐसे परिवार जो कि राशन कार्ड धारक नहीं हैं, उनके लिए https://familyid.up.gov.in पर पंजीयन कर परिवार आईडी प्राप्त करने की व्यवस्था है। इस योजना का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रदेश का कोई भी परिवार इससे वंचित न रहे। एक परिवार-एक पहचान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी किया जा रहा है। इससे राज्य की परिवार इकाइयों का एक लाइव व्यापक डेटाबेस स्थापित होगा। यह डेटाबेस लाभार्थीपरक योजनाओं के बेहतर प्रबंधन, समयबद्ध लक्ष्यीकरण, पारदर्शी संचालन एवं योजना का शत-प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने और आम जनता को सरकारी सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने की व्यवस्था के सरलीकरण में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि परिवार आईडी प्रदेश के सभी परिवारों के लिए है। 25 करोड़ जनता को इसका लाभ मिलना चाहिए।

परिवार आईडी के माध्यम से प्राप्त एकीकृत डेटाबेस के आधार पर रोजगार से वंचित परिवारों का चिन्हांकन कर उन्हें रोजगार के समुचित अवसर प्राथमिकता पर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार संचालित 76 योजनाओं व सेवाओं को फैमिली आईडी से लिंक किया जा चुका है। अवशेष सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को परिवार आईडी से लिंकेज किया जाए।

### युवक की गर्दन काटकर हत्या

**जौनपुर।** जनपद के जलालपुर थाना अंतर्गत हाइवे किनारे गुरुवार को झाड़ियों में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है। जलालपुर थाना अंतर्गत रेहटी गांव के पास वाराणसी-लखनऊ नेशनल हाइवे के किनारे आज झाड़ियों में एक अज्ञात युवक का शव मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ मिलकर जांच की। फोरेंसिक ने साक्ष्य जुटाते हुए शव को कब्जे में लिया। पुलिस के मुताबिक मृतक युवक लगभग 25 वर्षीय है और उसकी गर्दन को धारदार हथियार से काटा गया है। मृत युवक के शव से करीब नौ मीटर दूर सड़क के किनारे पड़ी एक लेडिज घड़ी भी पुलिस की हाथ लगी है। इसको देखते हुए पुलिस प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या होने की आशंका जता रही है। मौके पर खून फैला नजर नहीं आया जिससे यह आशंका है कि हत्या कहीं और करने के बाद यहां लाकर फेंका गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक की पहचान के साथ घटना की छानबीन में जुट गई है।

## पेपर लीक में गुजरात लॉबी का नाम ही क्यों आता है : लालजी

**लखनऊ। एजेंसी**



समाजवादी पार्टी(सपा) के सांसद लालजी वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पेपर लीक के मामलों में एजूटेस्ट का नाम सामने आ रहा है। जो गुजरात के अहमदाबाद बेस कम्पनी है। आखिर क्या कारण है कि हर बार पेपर लीक में गुजरात लॉबी का ही नाम आता है। सांसद लालजी वर्मा ने कहा कि उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा कराने की जिम्मेदारी गुजरात की प्राइवेट कम्पनी एजुटेस्ट को दी गई। अब उस कम्पनी को ब्लैक लिस्ट किया गया, कम्पनी का मालिक विनीत आर्य विदेश भाग गया।

उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती बोर्ड में अचानक डीजी का बदलाव,गुजरात की संदिग्ध कम्पनी को सिपाही भर्ती जैसी बड़ी परीक्षा का ठेका दे देना, इसके बाद पेपर का लीक होना संदेहजनक है। अभी कम्पनी के मालिक का विदेश भाग जाना, फिर भर्ती बोर्ड की डीजी का हटाया जाना पूरी तरह से संदेहजनक है। सूत्र बताते हैं कि उत्तर प्रदेश एसटीएफ को पेपर लीक की जांच के दौरान कम्पनी एजूरेस्ट के मालिक विनीत आर्या से पूछताछ करनी थी। जिसमें विनीत आर्या के अमेरिका भाग जाने की सूचनाएं एसटीएफ को मिली। इसके बाद शासन स्तर से कार्रवाई करते हुए पेपर कराने की जिम्मेदार कम्पनी एजुरेस्ट को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया गया। उत्तर प्रदेश में सिपाही भर्ती जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक होने के बाद कम्पनी के ब्लैक लिस्ट में डाले जाने को विपक्ष के नेताओं ने मुद्दा बनाया है। जिसमें सांसद लालजी वर्मा सहित तमाम समाजवादी पार्टी के नेताओं ने बयानबाजी आरम्भ की है।

## भारतीय ऋषियों की अनमोल धरोहर है योग : योगी ज्वाला

**मीरजापुर। एजेंसी**



पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पतंजलि युवा भारत एवं विंध्य योग सेवा धाम के संयुक्त तत्वाधान में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देशन में चल रहे साप्ताहिक योग पखवारा में पुलिसकर्मियों ने प्रोटोकॉल का अभ्यास करते हुए, हर रोज योग करने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय योगासन जज एवं पतंजलि युवा भारत के प्रांतीय महासचिव योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने गुरुवार की सुबह पुलिस अधिकारियों की में उपस्थिति में पवन वेद मन्त्रों का उच्चारण करते हुए योग सत्र का शुभारंभ किया। कहा कि योग भारतीय ऋषियों की अनमोल धरोहर है।

योग गुरु ने बैठकर और खड़े होकर करने वाले आसन के साथ पेट एवं पीठ की बल लेटकर करने वाले आसनों के साथ प्राणायाम का अभ्यास कराया। साथ ही उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।इस अवसर पर आरआई मनमोहन ने कहा कि जीरो बैलेंस में स्वस्थ रहने का मार्ग योग है।

## सात करोड़ से अधिक लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प ले चुके : प्रो.बिहारी

**वाराणसी। एजेंसी**



10 वें अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित सप्ताहव्यापी योग शिविर के अंतिम दिन गुरूवार को लोगों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया। योगी डॉ राजकुमार मिश्र की देखरेख में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने अनुलोम-विलोम, प्राणायाम योग को जीवन का हिस्सा बनाने, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2024 को 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम के साथ योग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो.बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि भारत सरकार इस शक्तिशाली योग अभ्यास के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए एक विशेष अवसर प्रदान कर रही है। पिछले वर्षों की परंपरा का पालन करते हुए,योग के प्रति अपने समर्पण को याद करने के लिए प्रतिज्ञा ले सकते हैं और प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

इस वर्ष, यह प्रतिज्ञा योग आयुष वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध है। 07 करोड़ से ज्यादा लोग पहले ही योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प ले चुके हैं। सप्ताह व्यापी योग शिविर के अंतिम दिन प्रशिक्षण एवं योगाभ्यास कर रहे छात्रों से कुलपति ने कहा कि योग वैश्विक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के साथ-साथ एकता के भावना को बढ़ावा देने पर जोर देता है। कुलसचिव राकेश कुमार ने कहा कि शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए नियमित रूप से योगासनों के अभ्यास की सलाह दी जाती है।

### डंपर की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**राजगढ़।** खिलचीपुर थाना क्षेत्र में ग्राम कुलीखेड़ा जोड़ स्थित शासकीय विधालय के सामने तेज रफ्तार मुरम से भरे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में 30 वर्षीय बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को डंपर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार बीती शाम ग्राम कुलीखेड़ा जोड़ स्थित शासकीय विधालय के सामने तेज रफ्तार मुरम से भरे डंपर क्रमांक एमपी 39 एच 4025 ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक दिनेश (30) पुत्र रामचरण दांगी निवासी बामनगांव की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है कि युवक अपने पिता की इकलौती संतान थी और वह ट्रेक्टर का बीमा करवाने के लिए खिलचीपुर जा रहा था तभी हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ धारा 304ए के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

**प्रशिक्षण** | नौवीं यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी मुरादाबाद में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

# एनसीसी का उद्देश्य एकता और अनुशासन है : कर्नल

- शिविर में कई जनपदों के विभिन्न कॉलजों की 530 छात्रा एनसीसी कैडेट्स कर रहीं प्रतिभाग



**मुरादाबाद। एजेंसी**

आईएफटीएम विश्वविद्यालय मुरादाबाद में गुरुवार को 9 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी का दस दिवसीय सयुंक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 20 जून से 29 जून तक संचालित होगा। इस प्रशिक्षण शिविर में मुरादाबाद, धामपुर, बिजनौर, चन्दौसी, अमरोहा, रामपुर के विभिन्न कालिजों की 530 छात्रा एनसीसी कैडेट्स भाग ले रही हैं। इस शिविर के कैम्प कमांडेन्ट कर्नल पीएन सिंह हैं। आज इस शिविर का उद्घाटन कैम्प कमांडेन्ट कर्नल पी. एन. सिंह ने किया। कैम्प कमांडेन्ट कर्नल पीएन सिंह ने कैडेटों का सम्बोधित करते हुए बताया कि इस शिविर का उद्देश्य कैडेटों संगठित, प्रशिक्षित व प्रेरित युवाओं का एक मानव संसाधन तैयार करना, जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करना व देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने के लिये तैयार करना है। इसके साथ ही कैडेटों को 'बी' एंव ह्यसीह्ल प्रमाण पत्र परीक्षा के लिये तैयार करना है। उन्होंने आगे कहा कि एनसीसी का उद्देश्य एकता और अनुशासन है और आप सभी कैडेटों को एकता और अनुशासन में रहना है। आप सभी को अपनी जाति, धर्म, मजहब को छोड़ कर एक साथ मेल-मिलाप के साथ रहना है और एक साथ कार्य करना भी सीखना है। आप सभी में संगठित रहने की भावना, धर्मनिरपेक्षता, रोमांच, खेल भावना तथा निःस्वार्थ सेवा भावना का संचार करना सिखाया जायेगा।

उन्होंने आगे बताया कि यह प्रशिक्षण आपको सेना, अर्द्ध सैनिक बल, पुलिस, रक्षा सम्बन्धी विभागों इत्यादि के चुनाव और सेवाओं में बेहद काम आयेगा। आप सभी कैडेटों को आज की आधुनिक तकनीकि ज्ञान को ध्यान में रखते हुए शिक्षा लेनी चाहिए, जिससे हम विश्व में कदम से कदम मिला कर चल सकें। इस शिविर में आप सभी कैडेटों को ड्रिल, टेन्ट लगाना एंव टेन्ट को उखाड़ना, आर्म्स ड्रिल करना, प्राथमिक चिकित्सा, साफ सफाई, एड्स जैसी बीमारी से बचाव एंव संयुक्त रुप में रहकर कार्य करना इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## लाल सागर में हूती के दो जहाज नष्ट

**वाशिंगटन। एजेंसी**



अमेरिका के सीरिया में किए गए हवाई हमले में कुख्यात आतंकवादी संगठन आईएसआईएस को तगड़ा नुकसान हुआ है। उसका एक शीर्ष और भरोसेमंद नेता मारा गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के एक्स हैंडल पर उपलब्ध ब्योरे में मारे गए इस कुख्यात रणनीतिकार का नाम उसामा जमाल मुहम्मद इब्राहिम अल-जनाबी बताया गया है। वह संगठन में आतंकियों की भर्ती करता था।

कमांड ने कहा कि यह हमला सीरिया के कसीरिया में 16 जून को किया गया था। उल्लेखनीय है कि जिहादी संगठन के रूप में बर्बर गतिविधियां संचालित करने वाले आईएसआईएस को इस्लामिक स्टेट इन इराक ऐंड सीरिया और इस्लामिक स्टेट इन इराक ऐंड द लीवेंट के नाम से भी पुकारा जाता है। यह इराक और सीरिया में सक्रिय है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने 19 जून को एक्स हैंडल पर यह भी साझा किया है कि उसके बलों ने लाल सागर में ईरान समर्थित दो हूती मानवरहित जहाजों (को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। इसके अलावा यमन के हूती नियंत्रित क्षेत्र में एक भूमिगत कंट्रोल स्टेशन और एक कमांड मुख्यालय को भी हमलाकर नष्ट कर दिया गया। कमांड ने कहा है कि उसका हमला रुकेगा नहीं। यह हमले लाल सागर में सामान्य स्थिति होने तक जारी रहेंगे।

## एक नजर

### भारतीय रग्बी पुरुष और महिला टीम के मुख्य कोच बने वैसाले सेरेवी



**मुंबई।** भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ जिसे रग्बी इंडिया के नाम से भी जाना जाता है, ने विश्व रग्बी हॉल ऑफ फेमर वैसाले सेरेवी को तत्काल प्रभाव से राष्ट्रीय पुरुष और महिला 7२ टीमों का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने एक आधिकारिक बयान में कहा, रग्बी इंडिया में हम सभी के लिए मुख्य प्रेरणा कल की तुलना में आज बेहतर प्रदर्शन करना है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की हमारी खोज में हर दिन एक कदम आगे बढ़ना है। इसलिए, भारतीय राष्ट्रीय 7 टीमों के मुख्य कोच के रूप में वैसाले सेरेवी का स्वागत करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और उन्हें भारतीय रग्बी के भविष्य को आकार देते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं। वैसाले सेरेवी फिजी के भूतपूर्व रग्बी यूनियन फुटबॉल खिलाड़ी और कोच हैं और वर्ल्ड रग्बी हॉल ऑफ फेम के सदस्य हैं। सेरेवी रग्बी सेवन्स में अपनी उपलब्धियों के लिए प्रसिद्ध हैं, साथ ही क्लब और राष्ट्रीय टीम दोनों स्तरों पर पंद्रह-ए-साइड रग्बी में एक लंबे करियर का भी आनंद ले रहे हैं।

### टी-20 विश्व कप : ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श गेंदबाजी के लिए उपलब्ध



**एंटीगुआ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान मिशेल मार्श ने 2024 टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में गेंदबाजी के लिए खुद को तैयार घोषित किया है, जिससे ऑस्ट्रेलिया को एंटीगुआ में बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले एक और विकल्प मिल सके। मार्श ने हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईपीएल छोड़ने के बाद से गेंदबाजी नहीं की है और उनकी वापसी के लिए सतर्क दृष्टिकोण अपनाया गया है। मार्श ने गुरुवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा मैं गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहूंगा। हमारे पास जो लाइन-अप है, उसे देखते हुए मुझे वास्तव में गेंदबाजी करने की आवश्यकता नहीं दिखती है, लेकिन मुझे लगता है कि इस प्रारूप में विकल्प होना वास्तव में महत्वपूर्ण है और हमारे पास बहुत सारे विकल्प हैं। ऑस्ट्रेलिया को मार्श के गेंदबाजी से दूर रहने के कारण कोई कमी महसूस नहीं हुई है, क्योंकि मार्कस स्टोइनिस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जबकि स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने सुपर आठ में संभावित परिस्थितियों को देखते हुए 12 ओवर स्पिन का इस्तेमाल किया। अगर ऑस्ट्रेलिया ने एश्टन एगर को दूसरे फ्रंटलाइन स्पिनर के रूप में फिर से मैदान में उतारा और फैसला किया।

### मार्नस लाबुशेन को 2024-25 सत्र के लिए क्वींसलैंड का कप्तान नियुक्त किया गया



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को 2024-25 सत्र के लिए क्वींसलैंड का कप्तान नियुक्त किया गया है। लाबुशेन अपने हमवतन उस्मान ख्वाजा की जगह लेंगे, जो बिग बैश लीग में ब्रिस्बेन हीट का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। 29 वर्षीय लाबुशेन ने पिछले सीजन में मार्श कप और शेफील्ड शील्ड में क्वींसलैंड का नेतृत्व किया था। क्वींसलैंड ने 2007-08 के बाद पहली बार सबसे निचले स्थान पर रहते हुए सीजन का अंत किया और 50 ओवर के टूर्नामेंट में पांचवें स्थान पर रहा। वह नए कोच जोहान बोथा के साथ जुड़ेंगे और पिछले सीजन के खराब प्रदर्शन के बाद टीम को ऊपर उठाने की कोशिश करेंगे। टी20 विश्व कप में जगह बनाने से चूकने के बाद, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज वर्तमान में ग्लैमरगन के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने हाल ही में अपने करियर का 150वां प्रथम श्रेणी मैच भी खेला। क्वींसलैंड के लिए, उन्होंने 67 शील्ड गेम खेले हैं और 4345 रन बनाए हैं, जिसमें 11 शतक शामिल हैं।

# हॉकी इंडिया ने 27 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की



**बेंगलुरु। एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 27 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की, जो बेंगलुरु के साई सेंटर में 21 जून से शुरू होगा और 8 जुलाई तक चलेगा। हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा गया, यह शिविर महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारतीय टीम पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को और बेहतर बनाने की कोशिश करेगी। भारतीय पुरुष टीम को बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। वे 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने ओलंपिक अभियान की शुरूआत करेंगे। टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में सफल प्रदर्शन के बाद शिविर में लौटी है, जहां वे वर्तमान में 16 मैचों में 24 अंक अर्जित करने के बाद चौथे स्थान पर हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने शिविर के महत्व के बारे में बताया।

फुल्टन ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, हम इस शिविर में प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण खंड शुरू करना चाहते हैं, और हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों। खिलाड़ियों ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में अपने मैचों से बहुत कुछ सीखा है। इससे हमें यह समझने में मदद मिली है कि हमें कहां सुधार करने की आवश्यकता है। हमारे पास उन क्षेत्रों पर काम करने के लिए बहुत समय है। हमारे पास ऐसे खिलाड़ियों का एक मजबूत मिश्रण है जो कुछ भी जीतने में सक्षम हैं।

**राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए 27 सदस्यीय कोर समूह इस प्रकार है:-**

कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा, हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, आमिर अली, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुमित, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह, आकाशदीप सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, बॉबी सिंह धामी और अरजीत सिंह हुंदल।

## भारतीय टीम के अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र 2024-25 की शुरुआत सितंबर से

- भारत बांग्लादेश, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को 2024-25 के लिए टीम इंडिया (सीनियर पुरुष) के बहुप्रतीक्षित अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र की लिए कार्यक्रमों की घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र की शुरुआत सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट सीरीज से होगी, जिसके बाद तीन मैचों की टी20 सीरीज होगी। चेन्नई 19 सितंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट की मेजबानी करेगा जबकि कानपुर 27 सितंबर से दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। तीन टी20 मैच धर्मशाला, दिल्ली और हैदराबाद में क्रमशः 6, 9 और 12 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की रोमांचक टेस्ट सीरीज होगी, जिसका पहला टेस्ट 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में शुरू होगा। पुणे और मुंबई क्रमशः 24 अक्टूबर और 1 नवंबर से दूसरे और तीसरे टेस्ट की मेजबानी करेंगे।

नए साल के आगमन पर एक रोमांचक व्हाइट-बॉल मुकाबला देखने को मिलेगा, जिसमें इंग्लैंड पांच टी20 और तीन वनडे मैचों के लिए भारत का दौरा करेगा। इंग्लैंड और भारत के बीच पहला टी-20 22 जनवरी को चेन्नई, दूसरा 25 जनवरी को कोलकाता, तीसरा 28 जनवरी को राजकोट, चौथा 31 जनवरी को पुणे और पांचवां 2 फरवरी को मुंबई में खेला जाएगा। वहीं तीन एकदिनी मैचों की श्रृंखला का पहला मैच 6 फरवरी को नागपुर, दूसरा 9 फरवरी को कटक और तीसरा 12 फरवरी को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

BCCI

### भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन का निधन



नई दिल्ली। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन का गुरुवार को बेंगलुरु में 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 1996 में दो टेस्ट मैच खेले थे और तीन विकेट लिए थे। जॉनसन की बेंगलुरु में एक अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने के बाद मौत हो गई। उनके करीबी लोगों के अनुसार, जॉनसन को पास के एक अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनका घरेलू करियर 39 प्रथम श्रेणी मैचों तक फैला रहा, जिसमें उन्होंने 125 विकेट लिए। उन्होंने चार बार पांच विकेट और एक बार दस विकेट भी लिए। जॉनसन सबसे तेज भारतीय गेंदबाजों में से एक थे और घरेलू सर्किट में उनके प्रदर्शन (1995-96 के रणजी ट्रॉफी सत्र के दौरान केरल के खिलाफ 152 रन देकर 10 विकेट) ने उन्हें भारतीय टीम में जगह दिलाई। उन्होंने 1996 में नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में अपना टेस्ट डेब्यू किया। ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे के दौरान वे माइकल स्लेटर को आउट करने में सफल रहे। दाएं हाथ के गेंदबाज दक्षिण अफ्रीका दौरे का भी हिस्सा थे, लेकिन उन्हें केवल पहले टेस्ट में खेलने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने हर्शल गिब्स और ब्रायन मैकमिलन के विकेट लिए। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक्स पर अपनी संवेदना व्यक्त की। शाह ने लिखा, हमारे पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। खेल में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। भारत के पूर्व कोच और दिग्गज लेग-स्पिनर अनिल कुंबले ने लिखा मेरे क्रिकेट साथी डेविड जॉनसन के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ। उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। बहुत जल्दी चले गए 'बेनी'।

## चेन्नईयिन एफसी ने ब्राजीली मिडफील्डर लुकास ब्रैम्बिला के साथ किया करार

**चेन्नई। एजेंसी**



- युवा भारतीय खिलाड़ियों को उसके रचनात्मक कौशल से लाभ मिलेगा
- वह गोल करते हैं, गोल बनाते हैं, सेट-प्ले डिलीवरी करते हैं और टीम में आने से उत्साहित हैं

चेन्नईयिन एफसी ने 2024-25 सत्र से पहले एक साल के लिए ब्राजील के मिडफील्डर लुकास ब्रैम्बिला के साथ करार किया है। लुकास ब्रैम्बिला साइप्रस के शीर्ष स्तरीय क्लब ओथेलोस एथिनोउ से मरीना माचांस (चेन्नईयिन एफसी का दूसरा नाम) में शामिल हो गए हैं। फुटबॉल क्लब ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, चेन्नईयिन एफसी 2024-25 सत्र से पहले अपने रोस्टर में मिडफील्डर लुकास ब्रैम्बिला को शामिल करने की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। ब्राजील के इस खिलाड़ी ने दुनिया भर की विभिन्न लीगों में खेला है और क्लब में उनके पास अनुभव और कौशल का खजाना है। चेन्नईयिन के साथ एक साल के करार पर जुड़ते हुए, मिडफील्डर का आगमन 2024-25 सत्र के लिए क्लब का नौवां हस्ताक्षर और एल्सिन्हो डायस, चीमा चुक्वू और विलमर जॉर्डन गिल के बाद उनका चौथा विदेशी अधिग्रहण है।

चेन्नईयिन एफसी के साथ करार पर 29 वर्षीय लुकास ने कहा मैं इस महान क्लब में शामिल होकर बहुत खुश और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उम्मीदें बहुत बड़ी हैं और मैं इस शर्ट को पहनने और मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का और इंतजार नहीं कर सकता। हेड कोच ओवेन कॉयल ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ब्रैम्बिला एक रोमांचक खिलाड़ी हैं और अपने रचनात्मक कौशल से टीम को लाभ पहुंचाएंगे। कॉयल ने विज्ञप्ति में कहा लुकास ब्रैम्बिला एक बहुत ही रोमांचक खिलाड़ी हैं और वह उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिनके बारे में हम बात कर रहे थे। खासकर युवा भारतीय खिलाड़ियों को उसके रचनात्मक कौशल से लाभ मिलेगा।

वह गोल करते हैं, गोल बनाते हैं, सेट-प्ले डिलीवरी करते हैं और टीम में आने से उत्साहित हैं। ब्राजीलियों के साथ क्लब में हमें जो शानदार खुशी मिली है। यह राफा के साथ मेरे काम करने के समय के समान है और ब्रैम्बिला उसी तरह के हैं।

वह एक शानदार मनोरंजक, अच्छी तरह से कुशल और ब्राजीली फुटबॉल क्लब के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की इच्छा के साथ आते हैं। इसलिए हम उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा लड़कों को उनके हस्ताक्षर के लिए बहुत प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। पिछले साल साइप्रस में उनके शानदार सत्र और फिर से एक बहुत अच्छी लीग खेलने के कारण पूरे यूरोप में उनका पीछा किया गया। इसलिए हम लुकास के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।


## वालेंसिया ने रूबेन बाराजा का करार जून 2026 तक बढ़ाया



**मैड्रिड।** वालेंसिया के मुख्य कोच रूबेन बाराजा ने एक नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत वह जून 2026 तक क्लब में बने रहेंगे। नया अनुबंध पूर्व खिलाड़ी द्वारा फरवरी 2023 में जेननारो गट्टूसो की जगह लेने के बाद से किए गए उत्कृष्ट काम के लिए एक पुरस्कार है। एक बार फिर, बाराजा ह्यूगो डूरो, पेपेलू, डिएगो लोपेज और क्रिस्टियन मॉस्केरा जैसे खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सफल रहे, हालांकि उनके दल में गहराई की कमी ला लीगा सीजन के आखिरी दो महीनों में उजागर हुई, जहां वे अपने पिछले छह मैचों में जीत हासिल करने में विफल रहे। क्लब ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा, फरवरी 2023 में उनके आगमन के बाद से, रूबेन बाराजा और उनके तकनीकी कर्मचारियों ने दिन-प्रतिदिन प्रतिस्पर्धी मूल्य देने के लिए काम किया है, जो आगे भी निर्माण के लिए एक ठोस आधार होना चाहिए। इस बीच, बाराजा ने हमारे द्वारा किए गए काम को जारी रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और हमें विश्वास करना होगा कि हम किसी भी मैदान पर और किसी भी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीत सकते हैं। वहीं, कोच ने कहा मैं बहुत खुश हूं और मुझे वालेंसिया में बने रहने और अपने सपने को जीने का मौका मिलने पर बहुत गर्व है।

## यूरो 2024 : जर्मनी ने हंगरी को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में किया प्रवेश

**बर्लिन। एजेंसी**



जमाल मुसियाला और इल्के गुंडोगन के गोलों की मदद से जर्मनी ने बुधवार को हंगरी पर 2-0 से लगातार दूसरी जीत हासिल कर यूरो 2024 के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया, जबकि अल्बानिया ने ग्रुप चरण के दूसरे दौर में क्रोएशिया के साथ 2-2 से ड्रा खेला। हंगरी ने बेहतर शुरूआत की और पहले मिनट में ही गोल करने का सुनहरा मौका चूक गया।

जर्मनी के गोलकीपर मैनुअल नेउर ने जोशुआ किमिच के रिटर्न पास को रोलैंड सलाई के पास पहुंचने से पहले ही रोक लिया। मैच के 22वें मिनट में विली ओर्बन ने अपने बॉक्स के अंदर गेंद को फंसा दिया, जिससे गुंडोगन को मुसियाला के लिए गोल सेट करने का मौका मिला। मुसियाला ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया और जर्मनी को 1-0 की बढ़त दिला दी। हंगरी ने बराबरी के लिए बहुत जोर लगाया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली और मध्यांतर तक जर्मनी 1-0 से आगे रहा। मैच दोबारा शुरू होने के बाद जर्मनी नियंत्रण में रहा। मैच के 67वें मिनट में मैक्सिमिलियन मिटेलस्टैड ने गुंडोगन को बॉक्स में स्क्वायर पास दिया, जिसे उन्होंने गोल में बदलकर जर्मनी को 2-0 की बढ़त दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

# वाणिज्य



## किसानों के बाद मध्य आय वर्ग को राहत की उम्मीद

**नई दिल्ली। एजेंसी**



किसानों को राहत देने के लिए 14 फसलों की एमएसपी बढ़ाने के बाद केंद्र सरकार मध्य आय वर्ग को भी राहत पहुंचाने वाली है। उम्मीद की जा रही है कि इस साल जुलाई में केंद्र सरकार लघु बचत योजनाओं (एसएसएस) की ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने का फैसला ले सकती है। केंद्र सरकार तिमाही आधार पर लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों की समीक्षा करती है। इसके आधार पर इन योजनाओं की ब्याज दरों में बदलाव करने का फैसला लिया जाता है। इसके पहले मार्च के अंतिम सप्ताह में अप्रैल से लेकर जून 2024 तक के लिए लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों को तय किया गया था। अब अगले सप्ताह केंद्र सरकार लघु बचत योजनाओं की समीक्षा के बाद ब्याज दरों में बढ़ोतरी का फैसला ले सकती है।


इन लघु बचत योजनाओं में सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई), पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ), राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (एनएससी), वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) और महिला सम्मान बचत योजना जैसी योजनाएं शामिल है। इसके अलावा मंथली इनकम स्कीम और किसान विकास पत्र जैसी योजनाएं भी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं।

### डीजीसीए ने समुद्री विमान परिचालन के लिए नियमों को बनाया आसान

**मुंबई/नई दिल्ली।** निमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सरकार की प्रमुख क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान' के तहत समुद्री विमान परिचालन से जुड़े नियमों को आसान बना दिया है। डीजीसीए ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि संशोधित मानदंड बुनियादी ढांचा प्रक्रियाओं, पायलट प्रशिक्षण की जरूरतों और विनियामक अनुपालन को सुव्यवस्थित करेंगे। इससे दूरदराज के क्षेत्रों तक समुद्री विमान सेवाओं के पहुंचने का रास्ता साफ होगा। संशोधित विनियमों में समुद्री विमान परिचालन के लिए आसान प्रशिक्षण आवश्यकताएं और सरलीकृत अनुमोदन प्रक्रियाएं शामिल की जाएंगी। कार्य समूह द्वारा उक्त विनियामक ढांचे को युक्तिसंगत बनाने और उसमें संशोधन की सिफारिश के बाद संशोधित विनियम लागू किए गए हैं। विमान नियामक के अनुसार नए मानदंडों के तहत, वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस वाले पायलट अब विश्व स्तर पर किसी भी आईसीएओ से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संगठन में प्रशिक्षण लेकर सीप्लेन-रेटेड पायलट के रूप में अर्हता हासिल कर सकते हैं।

## शेयर बाजार पर दबाव सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलने के तुरंत बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण शेयर बाजार ने लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि बिकवाली के दबाव के बीच खरीदार भी लगातार लिवाली का जोर बनाने की कोशिश करते रहे, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहा। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.18 प्रतिशत और निफ्टी 0.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से कोटक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, बीपीसीएल और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर 1.34 प्रतिशत से लेकर 0.86 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एचडीएफसी लाइफ, सन फार्मास्यूटिकल्स, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 1.67 प्रतिशत से लेकर 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,194 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी।

### एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स का आईपीओ 25 जून को

**मुंबई/नई दिल्ली।** ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 जून को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 267-281 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी की योजना 1,500 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि उसका आईपीओ 25 से 27 जून तक खुला रहेगा, लेकिन बड़े निवेशक 24 जून को शेयर खरीद सकेंगे। इसके लिए मूल्य दायरा 267-281 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आरंभिक शेयर बिक्री में एक हजार करोड़ रुपये मूल्य के नए इक्विटी शेयरों का निर्गम है। ब्रोकिंग कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के बाद कंपनी का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 7,860 करोड़ रुपये आंका है। कंपनी नए निर्गम से प्राप्त 720 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल कर्ज भुगतान के लिए करेगी, जबकि एक हिस्सा सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाएगा।

## भारत की वित्तीय प्रणाली बहुत मजबूत स्थिति में है : शक्तिकांत

- आरबीआई की समय पर कार्रवाई के बाद असुरक्षित ऋणों में कमी आई



**मुंबई। एजेंसी**

भारत की घरेलू वित्तीय प्रणाली कोरोना महामारी से पहले की तुलना में अब ज्यादा मजबूत स्थिति में है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को 'वित्तीय प्रणाली को लचीला, भविष्य के लिए तैयार और संकट से निपटने में सक्षम' बनाए रखने से जुड़े एक सत्र के उद्घाटन के बाद संबोधित करते हुए यह बात कही। शक्तिकांत दास मुंबई में इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान परिसर में वित्तीय लचीलेपन पर वैश्विक सम्मेलन में कहा कि हमारा घरेलू वित्तीय तंत्र अब ज्यादा मजबूत स्थित में है। उन्होंने कहा कि समय पर की गई हमारी कार्रवाई से असुरक्षित कर्ज की वृद्धि धीमी हुई। यदि ध्यान नहीं दिया गया तो असुरक्षित कर्ज की कमजोरियां एक बड़ी समस्या बन सकती हैं। आरबीआई गवर्नर ने कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स द्वारा आयोजित वित्तीय लचीलेपन पर दूसरे वैश्विक सम्मेलन में कहा कि मजबूत पूंजी पर्याप्तता, गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों का निम्न स्तर और स्वस्थ लाभप्रदता देश के बैंकिंग और गैर-बैंकिंग उधारदाताओं की पहचान बन चुकी है। शक्तिकांत दास ने कहा कि मैं बैंकों और अन्य वित्तीय क्षेत्र की संस्थाओं को 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में इस तरह के शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देना चाहता हूं।

# एसीबी प्रकरण में आरएसआरडीसी एमडी सुधीर माथुर को किया एपीओ

## सीई सुनील जयसिंह को एमडी आरएसआरडीसी का सौंपा अतिरिक्त प्रभार, सीई (CRIF) मुकेश भाटी को सीई (सड़क) का अतिरिक्त प्रभार

चमकता राजस्थान

जयपुर। आरएसआरडीसी में एसीबी की कार्रवाई के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग के संयुक्त शासन सचिव ने एक आदेश जारी कर आरएसआरडीसी एमडी सुधीर माथुर को एपीओ कर दिया है उनके स्थान पर
सीई सुनील जयसिंह को एमडी आरएसआरडीसी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है,साथ ही सीई (CRIF) मुकेश भाटी को सीई (सड़क) का अतिरिक्त प्रभार दिया है!
इससे पहले भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार आरएसआरडीसी के दो अधिसाषी अभियंता को सार्वजनिक निर्माण विभाग ने एक आदेश जारी कर निलंबित कर दिया था। एक्सईएन लक्ष्मण सिंह तत्कालीन परियोजना निदेशक आरएसआरडीसी भरतपुर यूनिट एवम् एक्सईएन सियाराम चंद्रावत तत्कालीन परियोजना निदेशक धौलपुर यूनिट को गिरफ्तार किए जाने की लिखित सूचना एसीबी से प्राप्त होते ही विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों को निलंबित कर दिया था!
इसके बाद उपमुख्यमंत्री एवं विभाग की मंत्री दिया कुमारी ने तुरंत एक्शन लेते हुए आरएसआरडीसी में कई सालों से जमे अभियंता को कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए थे,सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने उनसे संबंधित सभी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों -अधिकारियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए थे जो या तो ज़्यादा लंबे समय तक प्रतिनियुक्ति पर है या कोई चार्जशीट दी गई है ऐसे कर्मचारियों की सूची बनाने के निर्देश दिए गए थे,जब आरएसआरडीसी में पदस्थापित अभियंताओं की सूची तैयार की गई तो सामने आया कि एक अभियंता तो 24 साल से प्रतिनियुक्ति पर यहीं जमा है। दो 9 साल से और एक 11 साल से यहीं प्रतिनियुक्ति पर जमा है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने चारों का डेपुटेशन रद्द कर उन्हें मूल विभाग में भेज दिया था,अधीक्षण अभियंता आरके लूथरा, अविनाश शर्मा, आशु कुमार गर्ग तथा अधिशासी अभियंता निखिल गुप्ता की प्रतिनियुक्ति रद्द कर उन्हें मूल विभाग में भेजा गया था,अविनाश शर्मा 24 साल से, आरके लूथरा और निखिल गुप्ता 9 साल से तथा आशु कुमार गर्ग पिछले 11 साल से डेपुटेशन पर कार्यरत थे।




### आरएसआरडीसी एमडी का सलाहकार घूस लेते हुआ था गिरफ्तार

» भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड (आरएसआरडीसी) में सड़क, टोल, भवन व अन्य निर्माण कार्यों के बदले चल रहे घूस के खेल का पर्दाफाश किया था,एसीबी ने रिश्वत की रकम के साथ ही कुल 1.32 करोड़ रुपए की नकदी और लाखों के जेवर बरामद किए थे!

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा सिर्फ रोजगारपरक नहीं संस्कारपरक भी हो - निंबाराम

- केशव विद्यापीठ समिति की नई कार्यकारिणी गठित
- पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता होंगे अध्यक्ष





**चमकता राजस्थान/जयपुर 20 जून।** जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ समिति की केंद्रीय कार्यकारिणी के चुनाव आज समिति की आम सभा के दौरान संपन्न हुए। इसमें पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता का सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन हुआ। निर्वाचन अधिकारी प्रोफेसर नंदकिशोर पांडे ने बताया कि कार्यकारिणी के अन्य पदों के लिए उपाध्यक्ष के पद पर रामकरण शर्मा, सचिव के पद पर मुरलीधर शर्मा और कोषाध्यक्ष के पद पर नीलम कुमार जैन का निर्वाचन हुआ है। दुष्टदमन सिंह, अजीत मांडन और कर्नल महावीर सैनी कार्यकारिणी सदस्य के रुप में निर्वाचित हुए। नई गठित कार्यकारिणी का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।
इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने नई गठित कार्यकारिणी के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि केशव विद्यापीठ समिति का उद्देश्य राष्ट्र की युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय विचारों से ओतप्रोत कर राष्ट्र निर्माण के कार्य में लगाने का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा सिर्फ रोजगारपरक नहीं संस्कारपरक भी हो जिसमें समाज और देश के उत्थान का भाव रहे। अध्यक्ष पद के लिए चुने गए ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि वे इस नई जिम्मेदारी को पूरे मनोयोग के साथ निभाएंगे जिससे संस्था अपने लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त कर सके। उन्होंने बताया कि गत तीन वर्षों में संस्था के सभी विद्यालय वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर हो गए हैं। बोर्ड की भी सभी परीक्षाओं में विद्यार्थियों के परिणाम भी उत्साहजनक रहे हैं। इस अवसर पर सदन ने 15 करोड़ के बजट प्रस्ताव को भी पारित किया।
अपना कार्यकाल पूरा होने पर गत छह वर्षों तक अध्यक्ष रहे प्रोफेसर जे.पी. सिंघल ने आम सभा का आभार प्रकट किया और नई गठित कार्यकरिणी को शुभकामनाएं दी।

# कांग्रेस की सरकार ने पेपर लीक कर प्रदेश के युवाओं का भविष्य खराब किया

## राजीव गांधी स्टडी सर्कल और कांग्रेस नेताओं के माध्यम से तांडव मचाया, राहुल गांधी जनता को दे जवाब : सीपी जोशी

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 20 जून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज कुम्भलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़ के आवास पर पहुंचकर उनकी स्वर्गीय माताजी के प्रति शोक संवेदना प्रकट कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कुम्भलगढ़ जाते समय उन्होंने मीडिया से बात की। सीपी जोशी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पेपर लीक रोकने में असफल बताने वाले बायान पर पलटवार करते हुए कहा है कि कई दशकों के बाद मोदी सरकार में पहली बार राष्ट्रहित में नई शिक्षा नीति बनी है। केन्द्र सरकार ने पेपर लीक को रोकने के लिए कडे कानून बनाए है।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि राजस्थान में पांच साल कांग्रेस की सरकार रही जिसनें पेपर लीक कर प्रदेश के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। पेपर लीक के मुख्य आरोपी सुरेश ढाका को बचाने के लिए कांग्रेस के पूर्व कानून मंत्री और वकील सलमान खुर्शीद को लाया गया। राजस्थान में जो तांडव राजीव गांधी स्टडी सर्कल, कलाम कोचिंग सेंटर और कांग्रेस नेताओं के माध्यम से मचाया गया उसका जवाब राहुल गांधी को प्रदेश की जनता को देना चाहिए। नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों में दुनिया से लोग पढ़ने आते थे, किसने देश की शिक्षा पर वार कर अंग्रेजियत को फैलाने का काम किया।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में रेलवे, हाईवे, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, किसान, गरीब, युवा, महिला सहित हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। इस दौरान उनके साथ राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, सहकारिता प्रकोष्ट प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर,राजसमंद भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहट सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### बंशीवाल मानव सेवा समिति द्वारा स्टॉल लगाकर पिलाया शरबत

**चमकता राजस्थान।** भरतपुर (राजवीर सिंह) बंशीवाल मानव सेवा समिति द्वारा अछनेरा रोड पक्का बाग पर स्टॉल लगाकर लोगों को शरबत पिलाया गया। समिति के अध्यक्ष हेमन्त बंशीवाल (पीरनगर वाले ) ने शरबत पिलाकर शुभारंभ किया अध्यक्ष ने कहा चलचलाती गर्मी में प्यासे को जल पिलाना बड़ा पुण्य का कार्य है।इसी दौरान पक्का बाग से गुजर रहे राहगीरों और मोहल्ले वासियों ने शरबत पीकर राहत की सांस ली।सभी लोगों द्वारा किए गए कार्य की सहराना की गई। इस कार्य में सभी ने तन मन धन से सहयोग किया जिसमें भगवान सिंह पीरनगर वाले,मोरध्वज बंसीवाल,इंद्रा देवी, समीर बंसीवाल,दौलत सैनी,सुमित बंसीवाल,गोपाल सैनी,सोनू बंसीवाल,सुनील मीणा,मयंक सैनी, राजीव बरई,भूमिका(टुकटुक) आदि लोगो ने जल सेवा की।



## नीट-यूजी परीक्षा परिणाम में हुई धांधली के विरोध में कांग्रेस का प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन आज

चमकता राजस्थान

जयपुर, 20 जून। नीट-यूजी 2024 परीक्षा परिणाम में अनियमितता के आरोप लाखों परीक्षार्थियों ने केन्द्र सरकार की नेशनल टेंस्टिग एजेन्सी पर लगाये हैं तथा इस परीक्षा में परीक्षार्थियों को किस प्रक्रिया के तहत ग्रेस मार्क्स दिये गये और क्यों कुछ अभ्यर्थियों को अपने मूल निवास स्थान से दूरस्थ प्रदेश में चुनिन्दा परीक्षा सेन्टर दिये गये, यह प्रश्न अनुत्तरित हैं। केन्द्र सरकार द्वारा इस परीक्षा को लेकर चुप्पी साधी गई है जबकि गुजरात एवं बिहार पुलिस ने पेपर लीक होना मानकर अनेक परीक्षार्थियों को गिरफ्तार कर मुकद्मा दर्ज किया है। केन्द्र सरकार द्वारा लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिसके खिलाफ देशभर में कांग्रेस पार्टी द्वारा विरोध-प्रदर्शन किये जायेंगे।
राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि नीट परीक्षा 24 कराने में केन्द्र सरकार की नेशनल टेंस्टिग एजेन्सी द्वारा बरती गई अनियमितताओं तथा केन्द्र सरकार द्वारा चुप्पी साधने के विरोध में एवं देश के लाखों युवाओं को न्याय दिलाने हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शुक्रवार 21 जून, 2024 को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर स्थित कलेक्ट्री सर्किल पर प्रातः 10 बजे व्यापक विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा। विरोध-प्रदर्शन में पार्टी के सांसद, विधायक, लोकसभा प्रत्याशी, विधानसभा प्रत्याशी, प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित प्रदेशभर के कांग्रेसजन भाग लेंगे।

# राज्य सरकार महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए कटिबद्ध है: दिया कुमारी

चमकता राजस्थान



जयपुर। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने महिला, प्रोफेशनल्स एवं प्रतिभाशाली छात्रों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक में महिला, प्रोफेशनल्स एवं प्रतिभाशाली छात्रों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की 50 प्रतिशत से अधिक आबादी हैं जिनका समग्र विकास किए जाने के लिए राजस्थान और केंद्र सरकार प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस बार राज्य के बजट में और आगे भी सभी के सुझावों को शामिल करने का पूरा प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने तृतीय श्रेणी की शिक्षकों की भर्ती में महिलाओं को 50% आरक्षण देकर महिला सशक्तिकरण की एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हर संभव प्रयास करेगी।
उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की देश और प्रदेश की महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के विजन अनुसार राज्य में महिलाओं का सशक्त योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से उत्थान करने के लिए राज्य सरकार काम कर रही है।
उपमुख्यमंत्री ने कहा कि एक महिला वित्त मंत्री होने के नाते राज्य के बजट में महिलाओं का विशेष तौर से ध्यान रखा जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने महिला, प्रोफेशनल्स एवं प्रतिभाशाली छात्रों के प्रतिनिधियों का आवाहन किया कि जिस तरह वे राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रमों से अवगत है इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्र और दूर दराज की महिलाओं तक राज्य सरकार की बेहतरीन योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी को पहुंचाए। इससे दूरस्त और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी लाभान्वित हो सकेंगे जिससे प्रदेश का तीव्र गति से विकास होगा।
उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने इससे पहले गुरुवार को ही मुख्यमंत्री कार्यालय में युवा एवं खेल विषय पर बजट पूर्व संवाद में खेल प्रतिभाओं, कोच, खेल संगठनों के प्रतिनिधियों, युवा एवं स्टार्टअप उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय लोगों से बजट से जुड़े सुझाव लेकर सरकार के कामकाज की दिशा तय करने की अभिनव पहल की गई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार प्रदेश में सहभागी सरकार के माध्यम से प्रभावी सुशासन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा लगातार प्री बजट बैठके अलग–अलग क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ की जा रही है यह मुझे लगता है कि पहली बार हुआ है। एक सहभागी सरकार का यह बहुत बड़ा कदम है। मुझे लगता है बहुत ही अच्छा उदाहरण है जो कि राजस्थान में हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आप लोगों के जितने भी सुझाव आये हैं उन्हें बजट में शामिल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।
युवा और खेल जगत के लिए इस बजट में बेहतर किया जाने का प्रयास किया जाएगा। मैं अपनी तरफ से जितना भी कर सकूं उतना करूंगी। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का इतना फोकस लगा है स्पोर्टस में यूथ में कितना हमारे देश ने प्रगति कि है स्पोर्ट जगत ने, स्पोर्टस की फिल्ड में जो कि इससे पहले कभी नही हुई तो पूरी तरह से हम लोग भी प्रयास करेंगे कि उसी दिशा से चले और जो हमारा विजन है 2047 विकसित भारत, विकसित राजस्थान उसी दिशा में हम लोग चलेंगे।

## तीये की बैठक



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी 15 वर्षीय बेटी गौरी शर्मा पुत्री श्री संजय शर्मा उमर 15 वर्ष का स्वर्गवास दिनांक 19 जून 2024 को हो गया है , तीये की बैठक निवास स्थान 15 अल्पना कॉलोनी खातीपुरा रोड झोटवाड़ा को 21 6 2024 को साय 5:00 से 6:00 बजे तक रखी गई| शोकाकुल : स्वर्गीय श्याम सुंदर शर्मा (दादाजी) सूरज शर्मा (दादी) संजय शर्मा (पिता) प्राची शर्मा (माता) रामावतार शर्मा (फूफा जी) अनीता शर्मा (बूआ) साधना (बड़ी बुआ) विक्रांत शर्मा (भाई) वंश शर्मा (भाई ) दिव्या शर्मा (बहन) हेजल भारद्वाज (बहन) 8003804724, 8209035230

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929